दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 299 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

भारत की बढ़ती ताकत का लोहा तो अब दुश्मन देश भी मानना लगे है। चीन के राष्ट्रपति ने कहा है कि पिछले एक दशक के दौरान भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भी दिल खोलकर भारत की शान में कसीदे पढ़े है। ऐसे में मालदीव जैसे छोटे से देश ने भारत विरोधी रूख अपनाने की जो बड़ी हिमाकत की है उसका खमयाजा उसे भुगतना ही पड़ेगा। पीएम मोदी और भारत विरोधी बयान देने वाले मालदीव के तीन मंत्रियो को पद गवाना पड़ा। इसके बावजूद उसकी अर्थव्यवस्था का बंटाधार होना तय है।

पौने चार करोड़ खर्च कर किसान के खेत में डीएमएफ से बनाया चेकडैम

रमेश कागदेलवार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा में जल संसाधन विभाग का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दरअसल, यहां विभाग द्वारा एक आदिवासी किसान की निजी जमीन पर चेकडैम बना दिया। जब अन्नदाता ने इसका विरोध किया तो अफसरों ने दलील दी कि इसका लाभ सबसे ज्यादा उसे ही मिलेगा। जल संसाधन विभाग द्वारा किसान की निजी जमीन पर चेकडैम बनाने का मामला जिले के कटेकल्याण गांव का है। जानकारी के मुताबिक, इस चेकडैम को बनाने के लिए करीब पौने चार करोड़ रुपए डीएमएफ से खर्च किए गए। सूत्रों की मानें तो किसान की निजी जमीन पर चेकडैम बनाकर ठेकेदार को लाभ पहुंचाया गया है। हालांकि विभाग की दलील है कि इस डैम से लगभग 70 किसानों को लाभ मिलेगा। जबकि हकीकत यह है कि जहां चेकडैम बनाया गया है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसान और ग्रामीणों को रखा धोखे में

कटेकल्याण के किसान आनंत राम नाग के खेत में जल संसाधन विभाग द्वारा चेकडैम बनाया गया है। उनका आरोप है कि विभागीय अफसर चेकडैम बनाने के लिए पहले लोगों से मिले। और कहा कि नदी में 40 मीटर की लंबाई तक डैम बनेगा। इसके बाद सभी किसान तैयार हो गए। डैम बनाने का काम शुरू हुआ तो 60 मीटर लंबाई ली गई। इससे उसकी करीब 90 डिसमिल जमीन डैम में चली गई। निर्माण कार्य के दौरान उसकी टमाटर की फसल भी चौपट हो गई। इस बात की शिकायत थाने से लेकर राजस्व अधिकारियों से भी की। इस गुहार का अधिकारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

> डीएमएफ फंड से किसानों के लिए डैम बनाया जा रहा है। किसानों की डिमांड पर ही चेकडैम तैयार हो रहा है। डैम किसान की जमीन पर नहीं बना है। 70 से अधिक किसानों की जमीन सिंचित होगी।
>
> **शंकर ठाकुर,** ईई जल संसाधन विभाग दंतेवाड़ा

राम मंदिर में लगा 8 फीट ऊंचा और 12 फीट चौड़ा सोने का दरवाजा

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के सोने के दरवाजे की पहली तस्वीर सामने आई है। यह दरवाजा करीब 8 फीट ऊंचा और 12 फीट चौड़ा है। आने वाले 3 दिनों में 13 और दरवाजे लगाए जाएंगे। राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगेंगे। इनमें से 42 पर 100 किग्रा सोने की परत चढ़ाई जाएगी। सीढ़ियों के पास 4 दरवाजे लगेंगे। इन पर सोने की परत नहीं होगी। इन दरवाजों को महाराष्ट्र की सागौन की लकड़ी से बनाया गया है। इन पर हैदराबाद के कारीगरों ने नक्काशी का काम किया है। इसके बाद इन पर तांबे की परत लगाई गई। फिर सोने की परत चढ़ाई जा रही है। राम लला का सिंहासन भी सोने का बनाया जाना है। यह काम भी 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर का शिखर भी सोने का होगा, लेकिन इस काम को बाद में किया जाएगा। मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनकी चरण पादुकाएं भी रखी जाएंगी। ये चरण पादुकाएं एक किलो सोने और सात किलो चांदी से बनाई गई हैं। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने बनाया है।

देश ही नहीं विदेश में भी होगा लाइव प्रसारण

देश के सभी राज्यों के अलावा, राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसारण विदेशों में विभिन्न भारतीय दूतावासों में भी किया जाएगा। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण होगा। ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश-विदेश के सभी रामभक्तों को संबोधित करेंगे।

राम मंदिर को लेकर संवेदना बरतें नेता : मोदी

अयोध्या के राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट की बैठक में अपने मंत्रियों को सख्त नसीहत दी है। सूत्रों के मुताबिक के प्रधानमंत्री ने राम मंदिर को लेकर पार्टी नेताओं से संवेदना बरतने के लिए कहा है। उन्हें फालतू बयानबाजी ना देने की बात कही है। पीएम ने नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि 22 जनवरी को आपको सचेत रहना है। आपको आस्था दिखाना है ना कि गुस्सा। उन्होंने कहा कि सरकार की मर्यादा को आप लोग बनाए रखें। नेताओं को बयान बाजी से बचा होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, इस बात का ध्यान रखें। 22 जनवरी के बाद लोगों को राम मंदिर का दर्शन कराए। अपने इलाके के लोगों को राम मंदिर लेकर आए।

महाराष्ट्र सरकार के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला आज

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समूह के 16 विधायकों अयोग्यता पर, आज 10 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर फैसला करेंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, शिवसेना के दोनों गुटों के विधायकों की सुनवाई पूरी कर ली है और फैसले की तैयारी कर ली है। इसे रिव्यू के लिए कानून के एक्सपर्ट्स के पास भेजा गया है। इससे पहले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा है कि स्पीकर का चाहे जो भी फैसला हो, हमारी सरकार स्थिर रहेगी। हमारा अलायंस कानूनी रूप से वैध है और हमें उम्मीद है कि स्पीकर का फैसला भी हमारे पक्ष में ही आएगा।

निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका खारिज

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर हाईकोर्ट में निलंबित आईएसस रानू साहू की जमानत अर्जी मंगलवार को खारिज हो गई है। बता दें कि रानू साहू पिछले 6 महीने से जेल में बंद है। रानू साहू कोल घोटाला मामले में जेल में बंद है। मामले की सुनवाई जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच में हुई है। इससे पहले लोअर कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में पिछली सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने कुछ और तथ्य रखने की बात कही थी। 8 जनवरी को सुनवाई की तारीख तय की गई। रानू साहू को ईडी ने 22 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। रानू साहू के वकील ने निलंबित आईएएस पर लगी धाराओं के मामले में कहा है कि जिन धाराओं के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उसमें कोई सबूत नहीं मिला है। इस पर ईडी की ओर से कहा गया था कि अगली सुनवाई में वह नया तथ्य रखेंगे। फिलहाल रानू साहू जेल में ही रहेंगी।

यूएई के प्रेसिडेंट के साथ मोदी ने किया रोड शो

गांधीनगर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार शाम को अहमदाबाद में रोड शो किया। करीब 3 किमी लंबा यह रोड शो एयरपोर्ट से साबरमती आश्रम तक हुआ। करीब 20 मिनट तक साबरमती आश्रम में रुकने के बाद शाम 7 बजे दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। वहीं आज बुधवार को पीएम मोदी गांधीनगर में 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' का उद्घाटन करेंगे।

आईएएस बसवराजू बनाए गए सीएम साय के सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 2007 बैच के आईएएस बसवराजू एस को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सचिव बनाया गया है। उन्हें सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण विभाग और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बसव राजू को मुख्यमंत्री का सचिव बनाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले दिसंबर के महीने में नई सरकार ने पहला आदेश जारी करते हुए पी दयानंद को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया था। अब राजू के भी सचिव बनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री के दो सचिव हो चुके हैं।

भूपेश से मिले मुख्यमंत्री साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन, नंदकुमार बघेल को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल का 8 जनवरी को निधन हो गया। मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी समेत अरूण साव समेत अन्य नेताओं ने परिवार से मुलाकात की और भूपेश के पिता नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि दी। बता दें कि रायपुर के पाटन सदन में नंदकुमार बघेल का पार्शिव शरीर रखा गया है। यहां सियासत से जुड़े लोग उनके अंतिम दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पहुंचे। फूल अर्पित कर उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए हाथ जोड़े और कुछ देर भूपेश बघेल के साथ बैठे रहे और उन्हें ढांढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल जी का शरीर शांत हो गया। हमारी संवेदना है उनकी आत्मा को भगवान शांति दे। उनके परिवार को भगवान इस गहन शोक को सहने की शक्ति प्रदान करे। बता दें कि नंदकुमार बघेल का 89 वर्ष की उम्र में निधन हुआ है। सोमवार सुबह 6 बजे रायपुर के बालाजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले 3 महीने से बीमार चल रहे थे। नंदकुमार बघेल को ब्रेन और स्पाईन से संबंधित पुरानी बीमारी थी। 21 अक्टूबर 2023 बालाजी हॉस्पिटल मोवा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी ने राबड़ी देवी, मीसा भारती और अन्य के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में आरोप पत्र दाखिल किया, जिसमें बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी सांसद बेटी मीसा भारती, हिमा यादव और अन्य का नाम शामिल है। राउज एवेन्यू न्यायालय ने ईडी को मंगलवार को ही आरोप पत्र और दस्तावेजों की ई-कॉपी भी दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले को आगामी 16 जनवरी को संज्ञान के लिए सूचीबद्ध किया है। ईडी ने अमित कत्याल और हृदयानंद चौधरी का भी नाम आरोपपत्र में शामिल किया है जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव से जुड़े हुए हैं। उन्हें ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार भी किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार और कई अन्य लोगों की जांच कर रहे हैं। कथित घोटाला तब हुआ जब लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-1 कैबिनेट में रेल मंत्री थे। श्री यादव पर 2004-2009 के बीच भारतीय रेल के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रुप-डी पदों पर उम्मीदवारों या उनके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महिला सीईओ ने 4 साल के बेटे की हत्या की

पणजी (एजेंसी)। बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी की सीईओ ने गोवा के एक होटल में अपने 4 साल के बेटे की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बैग में भरकर टैक्सी से बेंगलुरु के लिए रवाना हो गई। गोवा पुलिस की जानकारी के बाद कर्नाटक पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके बैग से बेटे की बॉडी बरामद हुई है। महिला की पहचान 39 साल की सूचना सेठ के रूप में की गई है। वह स्टार्टअप कंपनी माइंडफुल एआई लैब की फाउंडर और सीईओ हैं। सूचना 6 जनवरी को गोवा के सोल बनयान ग्रांडे होटल में अपने बेटे के साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी की मुंबई में उद्धव गुट के विधायक के ठिकानों पर रेड

मुंबई (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई में उद्धव गुट के नेता और विधायक रवींद्र वायकर और उनके सहयोगियों से संबंधित 7 ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने छापे की ये कार्रवाई मुंबई के जोगेश्वरी में एक होटल के निर्माण के कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में की है। भूमि उपयोग की शर्तों में कथित रूप से हेरफेर करके जोगेश्वरी में एक होटल के निर्माण के मामले में उद्धव गुट के नेता और विधायक रवींद्र वायकर और उनके सहयोगियों से संबंधित 7 स्थानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक रवींद्र वायकर के आवासों पर सुबह से ईडी ने रेड मारी। आपको बता दें 64 वर्षीय वायकर उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट से शिवसेना के विधायक हैं और महाराष्ट्र विधानसभा में जोगेश्वरी पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासी मुलाकात... दिल्ली में मुलाकात के बाद जेसीसी जे के बीजेपी में विलय की चर्चा....

अमित से मिले अमित, बीजेपी में प्रवेश की अटकलें, कोरबा से हो सकते हैं लोस प्रत्याशी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के अध्यक्ष अमित जोगी ने सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के कई मायने निकल के सामने आ रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में कयास लगाए जा रहे है कि केंद्रीय गृहमंत्री शाह से मुलाकात के बाद अमित जोगी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। वहीं आने वाले तीन महीने में लोकसभा चुनाव होना है जिसकी तैयारी प्रदेश भाजपा ने कर ली है। इस शिष्टाचार भेंट के बाद यदि अमित जोगी भाजपा में शामिल होते है तो उन्हें कोरबा से लोकसभा प्रत्याशी बनाया जा सकता है। हालांकि इस संबंध में अमित जोगी की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। बता दें कि अमित जोगी पूर्व मुख्यमंत्री स्व अजीत जोगी के पुत्र हैं और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी पार्टी प्रमुख भी हैं। विगत विधानसभा चुनाव 2023 में अमित जोगी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और हार गए। अमित जोगी कुछ दिनों पहले ही अपनी मां रेणु जोगी के साथ प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साव से भी मिलने पहुंचे थे। जिसकी तस्वीरें उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की थीं।

विस चुनाव में पार्टी का नहीं खुला खाता

2023 विधानसभा में पार्टी का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं रहा। 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान जोगी कांग्रेस ने बसपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। 2018 के चुनाव में जोगी कांग्रेस को 5 सीटें मिली थी। इस बार विधानसभा चुनाव में पार्टी अपना खाता नही खोल पाई। अमित जोगी ने भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें सिर्फ 4822 वोट मिले थे।

15 दिन पहले हुई थी समीक्षा बैठक

विधानसभा चुनाव के बाद 24 दिसंबर में जोगी कांग्रेस की बड़ी बैठक सागौन बंगला रायपुर में रखी गई थी। इसमें विधानसभा चुनाव के सभी प्रत्याशी, पदाधिकारियों की समीक्षा की गई। साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा, नगरी निकाय और पंचायत चुनावों की रणनीति तय की गई थी। इस दौरान अमित जोगी ने सभी लोगों से व्यक्तिगत तैयार पर सुझाव भी मांगा था। सूत्रों की मानें तो इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बीजेपी में विलय करने का सुझाव भी दिया था। अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अमित जोगी की अचानक मुलाकात के बाद विलय की चर्चाएं तेज हो गई है।

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रोम रोम में बसने वाले राम...

जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

रायपुर, बुधवार, 10 जनवरी 2024

अयोध्या और राममंदिर से रहा है गोरक्षपीठ के तीन पीढ़ियों का नाता

लखनऊ। अयोध्या और राममंदिर से रहा है गोरक्षपीठ के तीन पीढ़ियों का नाता। यह नाता करीब 100 साल पुराना है। इस दौरान राममंदिर को लेकर होने वाले हर आंदोलन में तबके पीठाधीश्वरों की केंद्रीय भूमिका रही है। गोरखपुर स्थित इस पीठ के मौजूदा पीठाधीश्वर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। उनके दादा गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ और पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने जिस अयोध्या और वहां जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का सपना देखा था। जिस सपने के लिए संघर्ष किया था वह 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ साकार होने को है।

शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर सरकार को दिया मौका

1984 में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के गठन के बाद से आंदोलन के निर्णायक होने तक महंत अवेद्यनाथ ने हर सरकार को शांतिपूर्ण समाधान का मौका दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्रियों राजीव गांधी, वीपी सिंह, चंद्रशेखर, पीवी नरसिम्हा राव से समय-समय पर उनकी वार्ता भी हुई। सरकारें कोरे आश्वासन से आगे नहीं बढ़ती थीं और महंत जी जन्मभूमि को मुक्त कराने के संकल्प पर अडिग रहे।

श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति को हुआ राजनीति में दोबारा प्रवेश

तत्कालीन मानीराम विधानसभा क्षेत्र से लगातार पांच बार, 1962 से लेकर 1977 तक के चुनाव में विधायक चुने गए महंत अवेद्यनाथ 1969 में अपने गुरु महंत दिग्विजयनाथ के ब्रह्मलीन होने के बाद रिक्त हुए गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के उप चुनाव में सांसद चुने गए। 1980 में मीनाक्षीपुरम में धर्मांतरण की घटना के बाद उन्होंने राजनीति की बजाय खुद को सामाजिक समरसता के अभियान में समर्पित कर दिया। सितंबर 1989 में महंत अवेद्यनाथ के नेतृत्व में दिल्ली में हुए विराट हिंदू सम्मेलन के दौरान जब मंदिर शिलान्यास की तारीख घोषित कर दी गई तो तत्कालीन गृहमंत्री बूटा सिंह ने उन्हें यह कहकर चुनौती दे दी कि अपनी बात रखनी है तो संसद में आइए। इस चुनौती को को स्वीकार कर महंत अवेद्यनाथ ने दोबारा राजनीति में प्रवेश करने का निर्णय लिया। फिर तो वह ताउम्र सड़क से लेकर संसद तक अयोध्या में दिव्य और भव्य मंदिर की आवाज बने रहे। उनका एक मात्र सपना भी यही था, उनके जीते जी ऐसा हो। आज वह भले ब्रह्मलीन हो चुके हैं, पर अपने सुयोग्य शिष्य की देख रेख में 22जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देख उनकी आत्मा जरूर खुश हो रही होगी।

दादागुरु और गुरुदेव के सपनों और संघर्षों को मूर्त कर रहे योगी

बतौर उत्तराधिकारी महंत अवेद्यनाथ के साथ दो दशक से लंबा समय गुजारने वाले उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी इस पूरे परिवेश की छाप पड़ी। बतौर सांसद उन्होंने अपने गुरु के सपने को स्वर्णिम आभा दी। मुख्यमंत्री होने के बावजूद अपनी पद की गरिमा का पूरा खयाल रखते हुए कभी राम और रामनगरी से दूरी नहीं बनाई। गुरु के सपनों को अपना बना लिया। नतीजा सबके सामने है। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही राम मंदिर के पक्ष में देश की शीर्ष अदालत का फैसला आया। देश और दुनिया के करोड़ों रामभक्तों, संतों, धर्माचार्यों की मंशा के अनुसार योगी की मौजूदगी में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य राम मंदिर की नींव रखी। युद्ध स्तर इसका जारी निर्माण अब पूर्णता की ओर है।

त्रेतायुगीन वैभव से सराबोर की जा रही अयोध्या

बतौर मुख्यमंत्री योगी जितनी बार गए, अयोध्या को कुछ न कुछ सौगात देकर आए। उनकी मंशा अयोध्या को दुनिया का सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल बनाने की है। इसके अनुरूप ही अयोध्या के कायाकल्प का काम जारी है। योगी सरकार की मंशा है कि अयोध्या उतनी ही भव्य दिखे जितनी त्रेता युग में थी। इसकी कल्पना गोस्वामी तुलसीदास ने कुछ इस तरह की है, 'अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन बृष्टि झरि लाई।' अयोध्या के इस स्वरूप की एक झलक दीपोत्सव के दौरान दिखती भी है। कायाकल्प के बाद यह स्वरूप स्थायी हो जाएगा। तब भगवान श्रीराम की अयोध्या कुछ वैसी ही होगी जिसका वर्णन उन्होंने खुद कभी इस तरह किया था। 'अवधपुरी सम प्रिय नहिं सोऊ, यह प्रसंग जानइ कोउ कोऊ, जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि बह सरजू पावनि।'

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने दिया मंदिर आंदोलन को संगठित रूप

यूं तो श्रीराम जन्मभूमि स्थित मंदिर पर फिर से रामलला आंदोलन विराजमान हों इस बाबत छिटपुट संघर्ष की शुरुआत इसको गिराए जाने के बाद से ही शुरू हो गया था। मुगल काल से लेकर ब्रिटिश काल के गुलामी के दौर और आजाद भारत का करीब 500 साल का कालखंड इसका प्रमाण है। इन सारे संघर्षों और इसके लिए खुद को बलिदान देने वालों के दस्तावेजी सबूत भी हैं।

लेकिन आजादी के बाद इसे पहली बार रणनीति रूप से संगठित स्वरूप और एक व्यापकाधार देने श्रेय गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दादा गुरु ब्रह्मलीन गोरक्ष। पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ को जाता है।

1935 में गोरक्ष पीठाधीश्वर बनने के बाद से ही उन्होंने इस बाबत प्रयास शुरू कर दिया था। इस क्रम में उन्होंने अयोध्या के अलग अलग मठों के साधु संतों को एकजुट करने के साथ ही जातीय विभेद से परे हिंदुओ को समान भाव व सम्मान के साथ जोड़ा। 22/23 दिसंबर 1949 को प्रभु श्रीरामलला के विग्रह के प्रकटीकरण के नौ दिन पूर्व ही महंत दिग्विजयनाथ के नेतृत्व में अखंड रामायण के पाठ का आयोजन शुरू हो चुका था। श्रीरामलला के प्राकट्य पर महंत जी खुद वहां मौजूद थे। प्रभु श्रीराम के विग्रह के प्रकटीकरण के बाद मामला अदालत पहुंचा। इसके चलते विवादित स्थल पर ताला भले जड़ दिया गया पर पहली बार वहां पुजारियों को दैनिक पूजा की अनुमति भी मिल गई।

श्रीरामलला के प्रकटीकरण के बाद मंदिर आंदोलन को एक नई दिशा देने वाले महंत दिग्विजयनाथ 1969 में महासमाधि लेने तक श्रीराम जन्मभूमि के उद्धार के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। ये आजादी के बाद के दिन थे। कांग्रेस की आंधी चल रही थी। खुद को धर्म निरपेक्ष घोषित करने की होड़ मची थी। तब हिंदू और हिंदुत्व की बात करने का मतलब अराराष्ट्रीय होना था।इस होड़ में कई लोग तो करोड़ों के आराध्य प्रभु श्रीराम के वजूद को ही नकार रहे थे। ऐसी विषम परिस्थितियों में भी पूरी निर्भीकता से दिग्विजय नाथ सदन से लेकर संसद और सड़क तक हिंदू, हिंदुत्व और राम मंदिर की मुखर आवाज बन गए।

राममंदिर आंदोलन के सर्व स्वीकार्य अगुआ थे ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ

जिस मंदिर आंदोलन को महंत दिग्विजयनाथ ने एक ठोस बुनियाद और व्यापक आधार दिया उसे उनके ब्रह्मलीन होने के बाद उनके शिष्य एवं उत्तराधिकारी महंत अवेद्यनाथ की अगुआई में नई ऊंचाई मिली। अस्सी के दशक के शुरूआत के साथ श्रीराम जन्मभूमि को लेकर ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ ने जो बीज बोया था वह अंकुरित हो चुका था। इसे बढ़ाने में सबसे बड़ी बाधा अलग अलग पंथ और संप्रदाय के संत समाज की मत भिन्नता थी। इन सबको संत समाज का वही एक कर सकता था जो सबको स्वीकार्य हो। यह सर्व स्वीकार्यता बनी तबके गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के पक्ष में। इसी सर्वसम्मति का परिणाम था कि 21 जुलाई 1984 को अयोध्या के वाल्मीकि भवन में जब श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ तो महंत अवेद्यनाथ समवेत स्वर से इसके अध्यक्ष चुने गए और उनके नेतृत्व में देश में ऐसे जनांदोलन का उदय हुआ जिसने देश का सामाजिक-राजनीतिक समीकरण बदल दिया।

उनकी अगुआई में शुरू श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन

आजादी के बाद का सबसे बड़ा और प्रभावी आंदोलन था। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के गठन के बाद 7 अक्टूबर 1984 को अयोध्या के सरयू तट से धर्मयात्रा निकाली गई जो 14 अक्टूबर 1984 को लखनऊ पहुंची। यहां के बेगम हजरत महल पार्क में ऐतिहासिक सम्मेलन हुआ जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। महंत अवेद्यनाथ की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन से तत्कालीन सरकार हिल गई। तबके मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी से महंत जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा।

धर्माचार्यों के आह्वान पर 22 सितंबर 1989 को दिल्ली के बोट क्लब पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। महंत जी की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए 9 नवंबर 1989 को शिलान्यास का ऐलान कर दिया गया। बोट क्लब की इस रैली से पूर्व 20 सितंबर 1989 को भारत सरकार के तत्कालीन गृहमंत्री बूटा सिंह ने महंत जी से बातचीत का आग्रह किया था लेकिन महंत जी ने रैली के बाद ही बातचीत संभव होने की बात कही। 25 सितंबर को मुलाकात हुई तो बूटा सिंह ने शिलान्यास कार्यक्रम स्थगित करने का निवेदन किया लेकिन महंत जी निर्णय पर अडिग रहे। इसके बाद लखनऊ में बूटा सिंह, तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने महंत जी, महंत नृत्यगोपाल दास, अशोक सिंहल, दाऊदयाल खन्ना के साथ बैठक कर आग्रह किया। पर, महंत जी ने दो टूक कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान एवं हिंदू समाज की आस्था का सवाल है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता।

इसके बाद देशभर में शिलान्यास समारोह के लिए श्रीराम शिला पूजन का अभियान प्रारंभ हो गया। महंत अवेद्यनाथ की अगुवाई में देशभर के गांव-गांव से श्रीराम शिला पूजन कर अयोध्या के लिए चल पड़ी। खुद महंत जी दर्जनों कार्यक्रमों में शामिल हुए। शिलान्यास समारोह की तैयारियों से घबराई सरकार ने एक बार फिर महंत जी को 8 नवंबर को गोरखपुर विशेष विमान भेजकर बातचीत के लिए लखनऊ आमंत्रित किया। वार्ता के बाद महंत जी को अयोध्या पहुंचाया गया। उनके अयोध्या पहुंचने पर शिलान्यास का कार्य तेजी से अंजाम की ओर आगे बढ़ा। शुभ मुहूर्त में गर्भगृह के बाहर निर्धारित स्थान पर भूमि पूजन और हवन के बाद महंत जी ने सांकेतिक रूप से नींव खोदकर दलित कामेश्वर प्रसाद चौपाल से पहली शिला रखवाकर एक नए भविष्य की शुरुआत की।

गर्भगृह के बाहर शिलान्यास के बाद मंदिर निर्माण के लिए कारसेवा का दौर प्रारंभ हुआ। महंत अवेद्यनाथ की अगुवाई में हिंदू समाज तन, मन, धन से कारसेवा के लिए समर्पित होने लगा। 30 अक्टूबर 1990 और 2 नवंबर 1990 को कारसेवा के दौरान तत्कालीन सरकार के आदेश पर पुलिस फायरिंग में कई रामभक्त बलिदान ही गए। पर, दमनात्मक कार्रवाई के बावजूद महंत अवेद्यनाथ के नेतृत्व में आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। नारा दिया गया, बच्चा-बच्चा राम का।

तिरुपति के लड्डू प्रसादम की तरह हनुमानगढ़ी के लड्डू को भी मिलेगा जीआई टैग

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों का अब असर दिखने लगा है। तिरुपति के लड्डू प्रसाद की तरह अयोध्या के हनुमानगढ़ी के लड्डू को भी जल्द ही जीआई टैग मिलने की संभावना है। इसके लिए चेन्नई स्थित जीआई (जियोग्राफिक ल इंडिकेशन) कार्यालय में प्रस्ताव भेजा है, जहां इसे सोमवार देर शाम स्वीकार कर लिया गया है। इससे हनुमान गढ़ी के हलुवाई समाज में भी हर्ष का माहौल है। गौरतलब है कि सीएम योगी प्रदेश के सभी जिलों के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए सतत प्रयासरत हैं।

जीआई टैग का आवेदन स्वीकार

पद्मश्री से सम्मानित और जीआई मैन के रूप में विख्यात डॉ रजनीकान्त ने बताया कि यह हमारे लिए बहुत ही गौरवशाली दिन है। सिडबी-लखनऊ, उत्तर प्रदेश के वित्तीय सहयोग से अयोध्या हनुमानगढ़ी लड्डू के जीआई टैग के लिए आवेदन किया गया है, जिसे सोमवार को स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या हनुमानगढ़ी के लड्डू के जीआई पंजीकरण कराने का अवसर इस ऐतिहासिक माह में प्राप्त हुआ है, जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन की घड़ी नजदीक आ रही है। उन्होंने कहा प्रक्रिया में कुछ माह लग सकते हैं, जिसके बाद हनुमानगढ़ी के लड्डू को जीआई टैग मिल जाएगा और तिरुपति के प्रसाद लड्डू की तरह ही यह भी जीआई टैग में शामिल हो जाएगा।

प्राणप्रतिष्ठा होते ही तीन दशक बाद 85 साल की बुजुर्ग तोड़ेगी मौन व्रत

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर बनना किसी एक इंसान का नहीं, बल्कि कई हजारों-लाखों लोगों का सपना है। अब 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ ही लोगों का ये सपना पूरा हो जाएगा। वहीं, झारखंड की 85 साल की एक बुजुर्ग महिला भी तीन दशक बाद अपना मौन व्रत तोड़ने के लिए तैयार हैं। दरअसल, 1992 में बाबरी मस्जिद गिराए जाने के दिन ही उन्होंने अपनी मन्नत शुरू कर दी थी और संकल्प लिया था कि राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद ही वह अपना मौन व्रत तोड़ेंगी। मौनी माता के नाम से लोकप्रिय।

झारखंड के धनबाद की रहने वाली सरस्वती देवी राम मंदिर के उद्घाटन का गवाह बनने के लिए सोमवार रात अयोध्या के लिए रवाना हुईं। देवी अयोध्या में 'मौनी माता' के नाम से लोकप्रिय हैं। वह सांकेतिक भाषा के माध्यम से या लिखकर परिवार के सदस्यों

के साथ बातचीत करती थीं।

देवी के सबसे छोटे बेटे 55 साल के हरे राम अग्रवाल ने बताया, 'जिस दिन छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद ढहाई गई थी, मेरी मां ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने तक मौन रखने का संकल्प लिया था।जब से मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख की घोषणा की गई है, तब से वह खुश हैं।'

बाघमारा प्रखंड के भोवरा के निवासी हरे राम ने कहा, 'महंत नृत्य गोपाल दास के शिष्यों ने मां को राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। वह धनबाद रेलवे स्टेशन से गंगा-सतलज एक्सप्रेस में सवार होकर सोमवार रात अयोध्या के लिए रवाना हुई हैं। 22 जनवरी को अपना मौन व्रत तोड़ेंगी।'

परिवार के सदस्यों ने बताया कि चार बेटियों सहित आठ बच्चों की मां देवी ने 1986 में अपने पति देवकीनंदन अग्रवाल की मृत्यु के बाद अपना जीवन भगवान राम को समर्पित कर दिया और अपना अधिकांश समय तीर्थयात्राओं में बिताया। वह वर्तमान में धनबाद के धैया में अपने दूसरे सबसे बड़े बेटे नंदलाल अग्रवाल के साथ रह रही हैं, जो कोल इंडिया की शाखा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) में एक अधिकारी हैं।

एक घंटे करती थीं बात, फिर...

नंद लाल की पत्नी 53 वर्षीय इन्नू अग्रवाल ने कहा, 'मेरी शादी के कुछ महीने बाद ही मेरी सास ने भगवान राम की भक्ति में मौन व्रत का संकल्प ले लिया था। हम ज्यादातर उनसे सांकेतिक भाषा में बात करते थे, लेकिन कुछ समझ नहीं आने पर लिखकर बताती थीं।बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद मेरी सास ने अयोध्या का दौरा किया और राम मंदिर के निर्माण तक 'मौन व्रत' का संकल्प लिया। वह दिन में 23 घंटे चुप रहती थीं, केवल दोपहर में एक घंटे का बात करती थीं।' उन्होंने कहा, 'साल 2020 तक हर दिन दोपहर में एक घंटे बात कर लिया करती थीं। लेकिन जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर की नींव रखी थी, उस दिन से वह पूरी तरह से मौन हो गईं।' उन्होंने आगे बताया कि उनकी सास हर सुबह करीब चार बजे उठती हैं और सुबह लगभग छह से सात घंटे तक साधना करती हैं। संध्या आरती के बाद शाम को वह रामायण और भगवद गीता जैसी धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन करती हैं। वह दिन में केवल एक बार भोजन करती हैं। सुबह-शाम एक गिलास दूध का सेवन करती हैं।

प्राणप्रतिष्ठा से पहले अब नहीं होगा रामलला की प्रतिमा का अयोध्या भ्रमण

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 17 जनवरी को प्रस्तावित रामलला की प्रतिमा के नगर भ्रमण कार्यक्रम को मंदिर ट्रस्ट ने रद्द कर दिया है। ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने सोमवार को बताया कि प्रतिमा को पूरे अयोध्या नगर में घुमाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इसके बजाय, ट्रस्ट उसी दिन राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर प्रतिमा के भ्रमण की व्यवस्था करेगा। ट्रस्ट पदाधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर ट्रस्ट ने सुरक्षा कारणों से इस प्रस्तावित कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। कार्यक्रम रद्द करने का फैसला श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने काशी के आचार्यों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया। अयोध्या प्रशासन के मुताबिक, ट्रस्ट की बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि जब रामलला की नयी प्रतिमा को शहर में ले जाया जाएगा तो श्रद्धालु और तीर्थयात्री दर्शन के लिए उमड़ पड़ेंगे और प्रशासन के लिए भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाएगा।

श्रद्धालुओं इस दिन कराए जाएंगे दर्शन

वहीं, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के एक से सवा करोड़ श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजित रामलला के दर्शन कराएगा। हर दिन संघ के एक प्रांत से दो से ढाई लाख श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। यह सिलसिला 26-27 जनवरी से शुरू होगा। सोमवार को लखनऊ में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष की पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ बैठक हुई। बैठक में संघ की ओर से बीएल संतोष को श्रद्धालुओं को अयोध्या भ्रमण कराने की देशव्यापी योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। मीटिंग में बताया गया कि प्रत्येक प्रांत से श्रद्धालुओं को अयोध्या लाने के लिए ट्रेनें बुक कराई गई हैं।

इस दौरान श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन से अयोध्या में उनके ठहरने के स्थान तक पहुंचाने, रामलला के दर्शन और रामनगरी का भ्रमण कराने के लिए जगह-जगह पर किए जाने वाले इंतजामों और इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन तैनात करने पर चर्चा हुई। यह भी तय हुआ कि देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए श्रद्धालुओं के साथ संबंधित भाषाओं के दुभाषिये नियुक्त किए जाएं।

अतिथियों के लिए लक्ष्मण रेखा

अयोध्या। 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने लक्ष्मण रेखा खींच दी है। समारोह में प्रवेश करने वाले महानुभावों को कुछ नियमों का पालन करना होगा। इसके आधार पर ही आगंतुकों को प्रवेश दिया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से 7000 से अधिक मेहमानों को समारोह का निमंत्रण दिया गया है। राम मंदिर में प्रवेश के दौरान कोई भी अतिथि मोबाइल और पर्स नहीं ले जा सकेगा। गैजेट्स को ले जाने की भी इजाजत नहीं होगी। इसमें ईयर फोन और रिमोट वाली चाबी शामिल है। समारोह में बड़ी संख्या में देश भर से संत और धर्माचार्य भी आएंगे। इन्हें अपने साथ पारंपरिक रूप से छत्र, चंवर, ठाकुर जी, सिंहासन और गुरु पादुका ले जाने की इजाजत नहीं मिलेगी। सभी अतिथियों को सुबह 11 से पहले ही समारोह स्थल पर प्रवेश कर लेना होगा। किसी भी विशिष्टजन और धर्माचार्य के साथ सुरक्षाकर्मी या फिर उनके शिष्य और सेवक अंदर प्रवेश नहीं कर पाएंगे। प्रधानमंत्री के यजमान के रूप में प्राण प्रतिष्ठा की सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिसर से चले जाने पर ही आगंतुक मेहमानों को रामलला के दर्शन मिलेंगे।

निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। श्यामनगर तेलीबांधा स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी नवनीत सिंह गुम्बर 24 वर्ष गोकुल रेसीडेंसी श्यामनगर तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के श्यामनगर स्थित निर्माणाधीन मकान में प्रवेश कर फ्लेट एवं डायवर्टर पार कर दिया।

ग्राम पंचायत सलौनी में संकल्प शिविर आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आरंग जनपद के ग्राम पंचायत सलौनी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक इन्द्रकुमार साहू एवं जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप सिंह तथा जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत सलौनी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, पंचायत एवं मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्यानिकी सभी विभागों का स्टाल लगाया गया था। शिविर में माननीय विधायक महोदय द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, उज्जवला योजना, आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुषमान कार्ड योजना एवं अन्य सभी विभागों से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 2047 तक भारत देश को विकसित भारत बनाने हेतु संकल्प लिया गया है।

चेंबर प्रीमियर क्रिकेट लीग का आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सीजी चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज सुभाष स्टेडियम में चेंबर एवं कैट के संयुक्त तत्वाधान में खेले जा रहे ''चेंबर प्रीमियर क्रिकेट लीग '' का भव्य आगाज 8 जनवरी को हुआ जो 20 जनवरी तक चलेगा। इस आयोजन के प्रमुख प्रायोजक-अष्टविनायक रियल्टीज एवं सह-प्रायोजक-जीके ग्रुप, हीरा टीवीएस एवं सांई टीवीएस है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर नगर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साथ ही व्यावसायिक संगठनों के प्रमुख सपरिवार बड़ी संख्या में उपस्थित होकर क्रिकेट मैच का आनंद उठाया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी जी ने बताया कि आज सुभाष स्टेडियम में चेंबर एवं कैट के संयुक्त तत्वाधान में खेले जा रहे ''चेंबर प्रीमियर क्रिकेट लीग '' का भव्य आगाज हुआ जो 20 जनवरी तक चलेगा। जिसमें 32 व्यापारिक संगठनों की टीम भाग ले रही हैं। जिसमें व्यापारिक संघों से संबंधित कुशल खिलाड़ी एक-दूसरे के साथ मुकाबला करेंगे। हम सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनायें देते हैं और इस उत्कृष्ट खेल के लिये उम्मीद रखते हैं कि यह सफलता और उत्कृष्टता की दिशा में बढ़ेगा।

जनचौपाल में फरियादियों को कलेक्टर ने दी फौरी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह द्वारा लगाए गए जन चौपाल में 77 आवेदन प्राप्त हुए। यह कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित की गई। इसमें विद्युतीकरण, आदर्श पाठशाला में अहाता निर्माण सहित अन्य आवेदन शामिल थे। डॉ सिंह ने जनचौपाल में पहुंचे आमजनों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए एवं नियमानुसार त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जनचौपाल में रमण मंदिर वार्ड निवासी रोशनी जोगी, लक्ष्मी यादव, पुष्पा बाई, हीरा लाल साहू और अमर टण्डन ने अमृत मिशन योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन दिलवाने आवेदन दिया। अवंती विहार कॉलोनी के जेपी मिश्रा ने गौरव पथ पर लग रहे अवैध बाजार को हटाने, अभनपुर निवासी बोधन लाल फरिकार ने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटवाने, पारागांव के समस्त ग्रामवासियों द्वारा लगाए जा रहे गिट्टी क्रशर प्लांट पर रोक लगाने, चूनाभट्टी निवासी अमरदास टण्डन ने मकान का आवासीय पट्टा बनवाने, ग्राम पंचायत और परसदा के सरपंच कोमल साहू द्वारा मनरेगा अंतर्गत चेकडेम निर्माण की स्वीकृति देने भीमनगर निवासी अनिल बोरकर ने विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाने आवेदन दिया। इसी प्रकार गुढ़ियारी निवासी सुखराम सारंग ने निजी भूमि पर अन्य व्यक्तियों द्वारा कब्जा की शिकायत की। वहीं प्रोफेसर कॉलोनी निवासी हेमन्त साहू ने मोहल्ले में नाली निर्माण कराने, रावतपुरा फेस-2 निवासी हेमलता साहू ने विधवा पेंशन जारी करने आवेदन प्रस्तुत किया। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद आकाश तिवारी ने गौरव पथ जी.ई. रोड पर डिवाइडर खोलवाने, लाखे नगर निवासी पुरूषोत्तम सोनी ने नामांकर दुरूस्त करने आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार अन्य लोगो ने भी अपनी समस्या जनचौपाल के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष रखा, जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला स्तरीय सभी अधिकारी उपस्थित थे।

लेकर आए थे जमीन की समस्या, मिली रोजगार की खुशियां

रायपुर/नवप्रदेश। रेडक्रास सभाकक्ष में लगाए गए जनचौपाल में आए युवा ग्राम हसदा के निवासी विवेक साहू के चेहरे में उस समय प्रफुल्लित हो उठे, जब उन्हें वह मिला जिसकी अपेक्षा उन्होंने नही की थी। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने प्रभार लेने के बाद अपनी पहली जनचौपाल लगाई। कलेक्टर से नागरिक मिल कर अपनी समस्याओं को बता रहे थे और आवेदन भी दे रहे थे। तभी इनमे से विवेक अपनी जमीन संबंधी समस्या को लेकर आए थे। कलेक्टर को आवेदन देने के समय चर्चा करते हुए विवेक ने बताया कि उनके पास कोई रोजगार नहीं है। इस पर डॉ सिंह ने शैक्षणिक योग्यता की जानकारी ली और तत्काल पहल करते हुए कलेक्टोरेट मल्टीलेबल पार्किंग स्थित बीपीओ कॉल सेंटर के इनचार्ज को बुलवाया और उसी समय साक्षात्कार लेने कहा। जनचौपाल के दौरान ही कुछ समय में ही यह प्रक्रिया पूर्ण हो गई और वे कॉल सेंटर में रिक्त पदों के योग्यता मे खरे उतरे और उत्तीर्ण भी हुए। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह को इसकी सूचना दी गई तभी विवेक ने अपनी पत्नी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में भी जानकारी दी। उनकी पत्नी की योग्यता भी उक्त जॉब के अनुकूल थी। कलेक्टर द्वारा तत्काल विवेक और उनकी पत्नी को कॉल सेंटर में नौकरी का प्रस्ताव दे दिया गया। उनके दस्तावेज परीक्षण तथा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद उन्हे नियुक्ति पत्र दी जाएगी। विवेक बड़े प्रसन्न हुए और कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनचौपाल में आमनागरिकों की समस्या के निराकरण के लिए जो पहल की जा रही है वो सराहनीय है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सेजबहार पुलिस ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 82 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 630 रुपए जब्त किया है। जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग शराब बेचते आरोपी विष्णु टंडन 46 वर्ष, गोविंद बांधे 49 वर्ष और गोपाल प्रसाद सोनकर 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 82 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 630 रुपए जब्त किया है।

महाराष्ट्र मंडल ने किया रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति और बूढ़ापारा महिला केंद्र ने तात्यापारा के हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बता दें कि आध्यात्मिक समिति मंडल के सभी 15 केंद्रों के सहयोग से वहीं के समीपस्थ हनुमान मंदिरों में ऐसे ही आयोजन प्रत्येक मंगलवार या शनिवार को करना चाहती है। आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ के दौरान बूढ़ापारा महिला केंद्र की महिलाओं के साथ मोहल्ले की महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। मंदिर के पुजारी पंडित दिलीप महाराज ने महिलाओं की इस पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर पाठ के लिए जुटीं महिलाओं को महाराष्ट्र मंडल का कैलेंडर भेंट स्वरूप दिया गया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। पाठ करने वालों में अर्पणा मोघे, अर्चना मोघे, सुचिता देशपांडे, वंदना जोशी, भारती घाटगे, हेमा पराडकर, अंजलि शीतूत, अरुण पराडकर सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

युवक की हत्या, 24 घंटे में 4 हत्यारे गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के डीडीनगर थाना क्षेत्र में 18 साल के आशीष बंजारे की हत्या मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपितों में बिट्टू यादव, मुकेश, रवि ठाकुर और छोटू यादव है। बता दें कि बदमाशों ने रविवार को शाम चार बजे दिनदहाड़े चाकू मारकर आशीष बंजारे की हत्या कर दी। इस हमले में दूसरा साथी उमेश मसकोले गंभीर रूप से घायल है, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। जेल से छूटे दो बदमाशों ने ताबड़तोड़ हमला किया। स्थानीय लोगों ने एक बदमाश को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार रवि ठाकुर, बिट्टू यादव, मुकेश तथा अन्य दो के खिलाफआशीष बंजारे की हत्या करने का आरोप है। महादेव घाट चौक के पास जहां से भाठागांव और शनि मंदिर के लिए रास्ता कटा है, वहीं आशीष तथा उसके साथी उमेश मसकोले उर्फचांटी को चाकू मारा। आशीष के शरीर में कई बार चाकू से हमला किया गया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक आशीष बंजारे और उसके साथी उमेश के खिलाफ भी थाने में पूर्व में मारपीट तथा अन्य अपराध को लेकर मामले दर्ज हैं। इसके साथ ही जिन लोगों के ऊपर हत्या करने के आरोप लगे हैं, उन पर भी अपराध दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक रवि ठाकूर तथा बिट्टू हत्या के आरोप में जेल में बंद थे। आरोपित उमेश से बदला लेने के लिए पहुंचे थे। उसके साथ उसका दोस्त आशीष भी था। इसके चलते बदमाशों ने उमेश को जब मारने के लिए दौड़ाया, तब आशीष बदमाशों से भिड़ गया। इस पर बदमाशों ने आशीष के ऊपर भी चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

युवक से मारपीट कर वाहनों में किया तोड़फोड़

रायपुर/नवप्रदेश। भनपुरी स्थित दर्रीतालाब के पास पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर ममारपीट किया और मोहल्ले में खड़ी 5 वाहनों में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी विपिन कुमार मिश्रा 42 वर्ष दर्री तालाब के पास भनपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी पंकज कुश्वाहा, सुनील साहनी व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी के घर जबरन प्रवेश कर गाली-गलौज कर मारपीट किया और मोहल्ले में खड़ी 5 वाहनों में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506 बी, 323, 427, 452, 147 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

क्रेडिट कार्ड चालू करवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। देवपुरी स्थित पूजा प्लास्टिक फैक्ट्री के पास क्रेडिट कार्ड चालू करने के नाम पर 1 लाख 51 हजार रुपए का ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुलदीप महेन्द्र 49 वर्ष पूजा प्लास्टिक फैक्ट्री के सामने देवपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल धारक क्रमांक 62895-76989, 89814-38358 का कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड नया है जिसे चालू करने के लिए कुछ बताउंगा उसे करते जाईये कहकर आरोपी ने एक एप्लीकेशन डाउन लोड कराया और आरोपी के बताए अनुसार करने पर आरोपी ने प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड से 5 बार में 1 लाख 51 हजार का ट्रांजेक्शन कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कलेक्टर ने अफसरों को टीम वर्क के साथ काम करने की दी नसीहत

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने रेडक्रास भवन के सभागृह में समम सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक आम जनता को दिलाए। ऐसा कार्य करें कि लोगों का हित हो , यदि वे किसी शासकीय कार्य के लिए कार्यालय आते है तो निराश होकर न जाए। टीम वर्क के साथ काम करें। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि अधिकारी समय पर कार्यालय पहुंचे और कार्यालय में अनुशासन बनाए रखें। कार्यालय स्थल पर साफ-सफाई रहें। साथ अधीनस्थ कार्यालय में व्यवस्था बनाए रखें। टेबल मे फाईल पेडिंग ना रहे,,जो कार्य जिस समय सीमा में हो सकता हो उसे उस अवधि में पूर्ण करें और परिणाम तक पहुंचाए। उन्होने कहा कि जिले के नगरीय निकाय लोगों की बुनियादी जरूरते जैसे पानी, साफ-सफाई और बिजली इत्यादि का विशेष ध्यान रखें। यदि किसी कार्य में दिक्कत हो अर्न्तविभागीय समन्वय से कार्य को अमलीजामा पहनाए। सभी नगरपालिका अधिकारी और नगर निगम के जोन कमिश्नर अपने संबधित क्षेत्र का निरीक्षण दौरा करते रहे। इस दोरान यह विशेष रूप से देखें कि सफाई व्यवस्था दूरस्त रहें, कचरे का जमाव न रहे। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमण न हो। सूचना मिलने पर प्रारभिंक स्तर पर रोक लगाते हुए कार्रवाई करें।

लोकतंत्र सेनानी संघ बंद सम्मान निधि को चालू करने की मांग, आज महासम्मेलन

- **वृंदावन सिविल लाइन में सम्मेलन का आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। 1975 में देश में आपातकाल के दौरान 19 महीनों में लोकतंत्र को कुचलकर तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी द्वारा प्रेस पर सेंसरशिप लगाकर जन अधिकारों और संविधान में दिये गये मौलिक अधिकारों को खत्म किया गया था। इस दौरान लोकतंत्र सेनानी संघ जो तत्कालीन मीसाबंदी थे। उन्होंने तानाशाही का विरोध करते हुए जेल में सजा काटी थी। 1977 के चुनाव के बाद देश में जनतादल की सरकार बनने के बाद लोकतंत्र सेनानी संघ के सदस्यों को सम्माननिधि की राशि से सम्मानित प्रतिमाह किया जाता रहा है। जब-जब देश में विपक्ष की सरकार बनी तब-तब सम्मान निधि मीसाबंदियों को देना बंद किया गया है। प्रदेश में गत पांच वर्षों भूपेश बघेल की सरकार द्वारा सम्माननिधि बंद की गई थी। उक्त निधि के लिए मप्र की तर्ज में एक्ट बनाकर सम्माननिधि को एवं अन्य समस्याओं को लेकर वृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर में एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिदानंद उपासने एवं संतोष शर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

विधानसभा में ऑनलाइन प्रश्न पूछने विधायकों को प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधान सभा के सभी नव निर्वाचित विधायकों के द्वारा आगामी बजट सत्र, 2024 के प्रश्नकाल के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूचनाएं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा का 8 जनवरी को विधानसभा स्थित मुख्य समिति कक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। एनआईसी रायपुर के तकनीकी सहयोग से माननीय विधायकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में, विधायकों को ऑनलाइन प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत करने से संबंधित सैद्धांतिक और व्यावहारिक विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। नवनिर्वाचित विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए। विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता करते हुए माननीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नवनिर्वाचित सदस्यों की सुविधा हेतु विधान सभा सचिवालय की पेपर लेस कार्यप्रणाली, पर्यावरणीय महत्व के इस सशक्त कदम की षष्ठम विधान सभा में भी अनवरत जारी रहने की जानकारी दी। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस प्रशिक्षण सत्र के अतिरिक्त सदस्यों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत करने हेतु विधान सभा की वेबसाइट cgvidhansabha.gov.in पर संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तार पूर्वक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन वीडियो, सरल शब्दों में एक पृथक संक्षिप्त वीडियो, दिशानिर्देश एवं एक हेल्प मैनुअल भी उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। जिसके माध्यम से सदस्य सरलता पूर्वक अपने अपने विधान सभा क्षेत्र या गृह स्थान से ही निर्धारित तिथि एवम समय पर बिना रायपुर विधान सभा आए ऑनलाइन अपने प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत कर सकते हैं।

पूरी होगी एक और 'मोदी की गारंटी'

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार अपने गठन के बाद से ही चुनावी वादों को पूरा करने में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री साय ने अपने पहले ही ऐलान में प्रधानमंत्री आवास के के तहत 18 लाख मकानों के निर्माण की बात कही थी। इसके बाद कैबिनेट की बैठक में भी कई वादों को अमल में लाने की बात कही गई थी। इसी कड़ी में अब एक और मोदी की गारंटी पूरा करने की दिशा में प्रदेश की सरकार आगे बढ़ रही हैं। दरअसल प्रदेश के उप मुखिया यानि डिप्टी सीएम अरुण साव ने जानकारी दी हैं कि इसी महीने 25 तारीख से प्रदेश के रामभक्तों के लिए अयोध्या तक के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। इस स्पेशल ट्रेन से एक हजार से अधिक यात्री रवाना होंगे। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। ऐसे में राम मंदिर का निर्माण होते देखना हम सभी का सौभाग्य है। छत्तीसगढ़ के यात्रियों में अयोध्या जाने भारी उत्साह है। बता दें कि भाजपा ने 'मोदी की गारण्टी' यानी अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया ताकि सरकार बनने पर प्रदेश के लोगों को अयोध्या दर्शन कराया जाएगा। इसी कड़ी में मंदिर के लोकार्पण के बाद यह ट्रेन रवाना की जा रही हैं। हालांकि इस ट्रेन के संबंध में विस्तरित जानकारी का इंतज़ार हैं बावजूद इसके रामलला के दर्शन के लिए लोग लालायित नजर आ रहे हैं।

जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज पंडरी स्थित जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के समस्त विभागों की सुविधाएं, मरीजों की देखभाल, और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल को स्वच्छ, और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों से सद्व्यवहार करने और यथासंभव सहयोग करने कहा। कलेक्टर डॉ सिंह ने कैजुअल्टी वार्ड का निरीक्षण किया जहां पर अस्पताल के मरीज नवीन गोस्वामी से उन्होंने मिलकर उनका हाल-चाल जाना और अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने सीटी स्कैन रूम का निरीक्षण किया और सीटी स्कैन रूम की सुविधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला अस्पताल में उपलब्ध सीटी स्कैन की सुविधा का प्रचार-प्रसार करने कहा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं। साथ ही यह सुविधा मरीजों के लिए न्यूनतम कीमत में उपलब्ध कराने निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में हर दिन हो रहे टेस्ट के बारे में जाना, हमर लैब में डॉक्टरों ने बताया कि लैब में टेस्ट पूर्ण रूप से निःशुल्क हो रहे हैं। इस लैब के चिकित्स तथा कर्मचरियों के कार्य को उन्होने सराहा। इसके बाद उन्होंने कोविड केयर यूनिट्स का निरीक्षण किया और पोर्टेबल कॉविड केयर यूनिट्स की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था, साथ ही उनके परिजनों के लिए खाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर व्यवस्थित करने को कहा। उन्होंने कहा की सभी डॉक्टर्स संवेदनशीलता के साथ काम करें। जिससे लोगों के बीच अच्छा संदेश जाएगा इससे अस्पताल की गरिमा बढ़ेगी। इमरजेंसी केस आने पर चिकित्सक अपने ड्यूटी के बाद भी अतिरिक्त समय लेकर अवश्य ईलाज करें। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

संपादकीय

श्रीराम के सच्चे भक्त छत्तीसगढ़ का रामनामी संप्रदाय

छत्तीसगढ़ को भगवान श्रीराम का ननीहाल कहा जाता है माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की ही थी। इसीलिए छत्तीसगढ़ में श्रीराम की भक्ति में लीन एक ऐसा समुदाय है जो आदिकाल से अपने हृदय में ही नही बल्कि अपने शरीर के सभी अंगो में राम के नाम का गोदना गुदवाता है। यह समुदाय आज इसी तरह श्रीराम की भक्ति कर रहा है। 1890 छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के एक गांव चार पारा में एक दलित युवक परसुराम भारद्वाज ने रामनामी संप्रदाय की स्थापना की थी किवदंती के मुताबिक उस समय दलितो के मंदिर में प्रवेश का विरोध किया जाता है। मुगलो के शासन में भी आदिवासी जनजाति के लोगो को श्रीराम की भक्ति करने से रोका जाता था। इसी वजह से रामनामी संप्रदाय और इस संप्रदाय के लोग अपने शरीर में राम नाम गुदवाने लगे। रामनामी संप्रदाय में शामिल लोग सुद्ध शकाहारी होते है और किसी भी तरह का नशा नही करते उनका मानना है कि अपने शरीर के हर अंग में राम नाम गुदवाने से अब दुनिया की कोई भी ताकत उन्हे राम से अलग नही कर सकती छत्तीसगढ़ और झारखंड में ऐसी 32 जनजातियां है जो रामनामी संप्रदाय से जुडी हुई है। शरीर के किसी भी हिस्से पर राम नाम गुदवाने वाले को रामनामी कहा जाता है जो व्यक्ति अपने माथे पर राम नाम गुदवाता है उसे शिरोमणि कहा जाता है और पूरे शरीर पर राम लिखाने वाले को नखसीख रामनामी कहा जाता है ऐसे रामनामी जिभ और तलवे पर भी राम नाम गुदवाते है। यही नही बल्कि ये जो वस्त्र धारण करते है उस में भी राम राम लिखा होता है यह परंपरा आज भी चल रही है यह बात अलग है कि रामनामी संप्रदाय की युवा पीढी अब सिर्फ अपनी छाती पर या हाथ में राम नाम गुदवाकर इस परंपरा का निर्वहन कर रही है। उनका मानना है कि पूरे शरीर पर राम नाम गुदवाने से उन्हे नौकरी या व्यवसाय के क्षेत्र में असुविधा होती है इसलिए वे अपने शरीर में सीमित संख्या में राम नाम गुदवाते है। इन राम नामियों का हर साल जांजगीर चांपा में मेला लगता है जिसमें ये राम का भजन करते है और रामचरित मानस का पाठ करते है। इन राम नामियों के लिए मंदिर जाना आवश्यक नही है ये अपने शरीर को ही मंदिर मानते है और प्रभु श्रीराम को कण कण में देखते है पिछले साल रामनवमी पर छत्तीसगढ़ से रामनामी संप्रदाय के लोगो का एक जत्था अयोध्या गया था इस बार भी शायद ये आयोध्या जायें छत्तीसगढ़ सरकार को चाहिए की वह रामनामी संप्रदाय के लोगो को आयोध्या भेजने की व्यवस्था करे क्योंकि यही राम जी के सच्चे भक्त है। यह खेद का विषय है कि रामनामी संप्रदाय के लोगो की सुद्ध ली जा रही है। इनकी संख्या अब कम होने लगी है छत्तीसगढ़ में रामनामी संप्रदाय के लोग कितने है इसका भी कोई आंकडा उपलब्ध नही है। ये अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ और झारखंड के आदिवासी बहुल इलाको में रामनामी संप्रदाय के लगभग 60 हजार लोग अभी भी है जो अपनी प्राचीन परंपर का आज भी पूरे श्रद्धाभाव से निर्वहन कर रहे है। आयोध्या में श्रीराम की प्रतिमा की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस शुभ अवसर पर रामनामी संप्रदाय के लोगो की वहां उपस्थिति दर्ज कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को प्रबंध करने चाहिए। यह रामनामी संप्रदाय अपनी भक्ति में लीन रहता है इन्हे इस बात से कोई फर्क नही पड़ता की इनकी पूछ परख नही हो रही है ऐसे मे छत्तीसगढ़ सरकार का यह दायित्व बनता है कि वह प्रभु श्रीराम के इन सच्चे भक्तो की सुद्ध ले और आयोध्या ले जाकर रामलला के दर्शन कराने की व्यवस्था करे। उल्लेखनीय है कि रामनामी संप्रदाय में शामिल जनजातियां आज भी विकास से कोसो दूर है वे खेती बाड़ी करके ही अपना जीवन यापन करते है ऐसी स्थिति में उनका विशेष ध्यान रखना आवश्यक है सरकार के साथ ही अन्य श्रमसेवी संगठनो को भी इनके हितो की रक्षा के लिए सामने आना चाहिए।

विश्व हिन्दी दिवस पर विशेष

वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है हिन्दी

योगेश कुमार गोयल

आधुनिकता की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय ही आज भले ही अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किन्तु सच यही है कि हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिन्दी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी की बढ़ती ताकत का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं और दुनियाभर के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। दुनियाभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात् भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था 'एथ्नोलॉग' के द्वारा जब हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में पचहतर करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर चौदह करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी 'एप' लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी।

भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा। इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को 'जनमानस की भाषा' बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैंकड़ों देशों में हिन्दी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगर भारतीय परिवेश में हिन्दी के प्रचलन को लेकर बात की जाए तो यह चिंता की बात है कि भारतीय समाज में बहुत से लोगों की मानसिकता ऐसी हो गई है कि हिन्दी बोलने वालों को वे पिछड़ा और अंग्रेजी में अपनी बात कहने वालों को आधुनिक का दर्जा देते हैं। हिन्दी का करीब 1.2 लाख शब्दों का समृद्ध भाषा कोष होने के बावजूद अधिकांश लोग हिन्दी लिखते और बोलते समय अंग्रेजी भाषा के शब्दों का दिल खोलकर इस्तेमाल करते हैं।

हिन्दी का अमृत महोत्सव कब ?

डॉ रामेश्वर मिश्र

हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान मिल सके इसलिए दक्षिण-उत्तर, पूरब-पश्चिम सबको अपने निहित क्षेत्रवाद, भाषावाद से ऊपर उठकर हिन्दी को विश्व में गौरव दिलाना ही हम सब भारतवंशियों का कर्तव्य है। आज हम विश्व हिन्दी दिवस पर यह संकल्प ले कि राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी भाषा के माध्यम से करेंगे, यही हिन्दी का अमृत महोत्सव होगा। इस हिन्दी में दिलों को दिलों से जोड़ने का भाव है, हिन्दी जनमानस की बोली है, हिन्दी में भाषायी संकीर्णता को तोड़ने की शक्ति है, हिन्दी में राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का कौशल है, राष्ट्र के माटी की सोंधी खुशबू है, स्वभाषा का गर्व है, स्वराज का आभास है। ऐसी हिन्दी का राजनैतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय आधार पर विरोध करना एवं हिन्दी को राष्ट्रभाषा के अधिकार से अब तक वंचित रखना अन्यायपूर्ण ह ।

आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और इस अमृत महोत्सव के माध्यम से अपने देश की स्वतंत्रता संग्राम में संघर्ष करने वाले जननायकों को याद कर रहे हैं उनके याद में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन केन्द्र एवं राज्य सरकार मिल कर कर रहे हैं। इन सब कार्यो और आजादी की लड़ाई में एक महती भूमिका का निर्वहन करने वाली हिन्दी का अमृत महोत्सव कब मनाया जायेगा? यह प्रश्न विचारणीय है। हिन्दी को मजबूत करने और हिन्दी को उसका स्थान दिलाने के लिए संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता करते हुए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने देशवासियों से अपील की थी कि किसी बच्चे का उचित मानसिक विकास तभी सम्भव है जब वह मातृभाषा में पढ़ाई करता है। मातृभाषा से मतलब हिन्दी से नही है यह उस राज्य विशेष की भाषा है जैसे मेरे राज्य में गुजराती, फिर भी देश में एक भाषा होनी चाहिए, यदि कोई दूसरी भाषा सीखना चाहे तो वह हिन्दी होनी चाहिए। उन्होने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वक्त आ गया है कि राजभाषा हिन्दी को देश की एकता का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाय। इसके साथ ही साथ बताया कि हिन्दी की स्वीकार्यता स्थानीय भाषाओं के लिए नही बल्कि अंग्रेजी के विकल्प के रूप में होनी चाहिए। जब तक अन्य भाषाओं से शब्दों को लेकर हिन्दी को सर्वग्राही नही बनाया जायेगा तब तक इसका प्रचार प्रसार नही हो पायेगा। यह पहली बार है जब हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के साथ-साथ हिन्दी शब्दकोष को बढ़ाने के लिए अन्य भाषाओं के शब्दों को जोड़ने की अपील की गयी है।

आजादी की लड़ाई में संचार के माध्यम के रूप में बापू ने हिन्दी को ही चुना, इसके लिए उन्होंने अपने देशवासियों को समय-समय पर हिन्दी की महत्ता बताई। बापू की हिन्दी सहज, सरल, स्नेहयुक्त और अपनेपन से प्रभावित थी। गांधीयुग और बापू द्वारा राजनैतिक सक्रिय भागीदारी से पहले भी बापू ने हिन्दी की प्रशंसा करते हुए 1906 में अपनी पत्रिका इंडियन ओपिनियन में इस प्रकार लिखा है कि 'हिन्दी', मीठी, नम्र, ओजस्वी भाषा है। राष्ट्रभाषा की आवश्यकता का एहसास करते हुए बापू ने कहा था कि राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। भारतवर्ष के इस गूंगेपन को दूर के लिए भारत के अधिकतम राज्यों में बोली और समझी जाने वाली हिन्दी भाषा को उपयुक्त पाकर बापू ने उसे सम्पूर्ण भारत की राष्ट्रभाषा के रूप प्रतिष्ठित और स्थापित किया। बापू ने कहा था कि हिन्दी उस भाषा का नाम है जिसे हिन्दू और मुसलमान कुदरती तौर पर बगैर प्रयत्न के बोलते हैं। हिन्दुस्तानी और उर्दू में कोई फर्क नही है, देवनागरी में लिखे जाने पर वह हिन्दी और अरबी में लिखे जाने पर उर्दू कही जाती है। हमारी राष्ट्रभाषा में वे सब प्रकार के शब्द आने चाहिए जो जनता में प्रचलित हो।

हिन्दी के विकास तथा राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी के बहुसंख्यक द्वारा प्रयुक्त जुबान से बापू परिचित थे जिसके सन्दर्भ में 20 अक्टूबर 1917 को गुजरात के द्वितीय शिक्षा सम्मेलन में अपने भाषण में राष्ट्रभाषा के कुछ विशेष लक्षण बताए थे जिसके अनुसार वह भाषा सरकारी नौकरों के लिए आसान होनी चाहिए, उस भाषा के माध्यम से भारत का आपसी धार्मिक, आर्थिक और राजनैतिक एकीकरण होना चाहिए, उस भाषा को भारत के ज्यादातर लोग बोलते हों तथा वह भाषा राष्ट्र के लिए आसान होनी चाहिए। उस भाषा का विचार करते समय क्षणिक एवं स्थायी स्थिति पर जोर न दिया जाय। उक्त लक्षणों को बताने के बाद बापू ने कहा कि सौभाग्य से हिन्दी भाषा में ये सारे लक्षण मौजूद हैं। हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा हो, यह बात बोली तो बहुत दिनों से जा रही थी किन्तु अब तक किसी नेता ने इस विचार को धरातल पर परिणित करने का प्रयास नही किया, आज यह हिन्दी भाषा की आवश्यकता का ही फल है कि लोग इस भाषा से जुड़ने लगे हैं और हिन्दी भाषा को सीखने के लिए लोग अमीरी-गरीबी, पढ़े-अनपढ़, युवा-बूढ़े का अन्तर भूलकर एक स्थान पर हिन्दी सीखने के लिए बैठने लगे हैं और सब हिन्दी सीखना और सिखाना अपना पुनीत कार्य समझ रहे हैं।

आज जब पूरा विश्व 'हिन्दी दिवस' मना रहा है जिसकी शुरुआत 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की थी। उस विश्व हिन्दी सम्मेलन में भारत के साथ मारीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, टोबैगो एवं संयुक्त राज अमेरिका ने हिस्सा लिया था। तब से 10 जनवरी को भारत में विश्व हिन्दी दिवस सुचारू रूप से मनाया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप आज विश्व के 175 विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा पढ़ायी जा रही है, विश्व के 91 विश्वविद्यालयों में हिन्दी पीठ की स्थापना की गयी है। आज पूरे विश्व में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों के द्वारा हिन्दी बोली जाती है, अमेरिका में हिन्दी बोलने वालों की संख्या 6 लाख अड़तालिस हजार है, मारीशस में 7 लाख, अफ्रीकी देशों में लगभग 9 लाख, साथ ही नेपाल में 8 लाख लोगों द्वारा हिन्दी बोली जाती है। भारत के अतिरिक्त फिजी की राजभाषा हिन्दी है, यूनेस्को की 7 भाषाओं में हिन्दी सम्मिलित है।

आज विश्व के 80 करोड़ लोगों के द्वारा हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा बनाने पर जोर दिया जा रहा है, परन्तु भारत में हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान कब मिलेगा, यह प्रश्न विचारणीय है। हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान मिल सके इसलिए दक्षिण-उत्तर, पूरब-पश्चिम सबको अपने निहित क्षेत्रवाद, भाषावाद से ऊपर उठकर हिन्दी को विश्व में गौरव दिलाना ही हम सब भारतवंशियों का कर्तव्य है। आज हम विश्व हिन्दी दिवस पर यह संकल्प ले कि राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी भाषा के माध्यम से करेंगे, यही हिन्दी का अमृत महोत्सव होगा।

इस हिन्दी में दिलों को दिलों से जोड़ने का भाव है, हिन्दी जनमानस की बोली है, हिन्दी में भाषायी संकीर्णता को तोड़ने की शक्ति है, हिन्दी में राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का कौशल है, राष्ट्र के माटी की सोंधी खुशबू है, स्वभाषा का गर्व है, स्वराज का आभास है। ऐसी हिन्दी का राजनैतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय आधार पर विरोध करना एवं हिन्दी को राष्ट्रभाषा के अधिकार से अब तक वंचित रखना अन्यायपूर्ण है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1623 में आज ही के दिन इटली के वेनीज़ नगर में गाज़ेट नामक विश्व का पहला समाचार पत्र प्रकाशित हुआ था। 1824 में 10 जनवरी के दिन ही ब्रिटेन के रसायनशास्त्री जोज़फऐस्पीडियन ने सीमेंट बनाई थी। 1836 में आज ही के दिन प्रोफेसर मधुसूदन गुप्ता ने पहली बार मानव शरीर की आंतरिक संरचना का अध्ययन किया था। 1839 में 10 जनवरी के दिन ही भारतीय चाय इंग्लैंड पहुंची थी। 1863 में आज ही के दिन लंदन में विश्व की पहली भूमिगत रेल सेवा शुरू हुई थी। 1912 में 10 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश नरेश जार्ज पंचम और रानी मैरी ने भारत छोड़ा था। 1916 में आज ही के दिन प्रथम विश्व युद्ध के दौरान रूस ने ओटोमन साम्राज्य को हराया था। 1920 में 10 जनवरी के दिन ही वार्सा संधि के आधिकारिक तौर पर प्रभाव में आने से प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ था। 1996 में आज ही के दिन जॉर्डन के शाह हुसैन अपनी पहली सार्वजनिक यात्रा पर देश के सबसे बड़े शहर तेल अवीव पहुंचे थे। 2006 में 10 जनवरी को ही प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को प्रति वर्ष विश्व हिंदी दिवस के रूप मनाए जाने की घोषणा की थी।

QUIZ TIME

1) देश के किस शहर में 1500 से ज्यादा लोगों ने एक साथ तबला बजाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?

2) सदीर किस नृत्य शैली का प्राचीन नाम है?

3) किस देश ने एडवांस रॉकेट सिस्टम फतह-II का हाल ही में सफल परीक्षण किया है?

4) एशिया का सबसे बड़ा मरूस्थल कौन-सा है?

5) अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के गवर्निंग बोर्ड की पहली भारतीय महिला सदस्य हाल ही में कौन बनी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ग्वालियर (2) भरतनाट्यम (3) पाकिस्तान (4) गोबी (मंगोलिया) (5) वीटा दानी

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -299

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक298का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:46, चन्द्रोदय : 30:10, चन्द्रास्त : 15:11

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : मूल, योग : ध्रुव, प्रथम करण : गर (11:17 तक), द्वितीय करण : वणिज (22:24 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:03 से 12:44, अमृत काल : 12:42 से 14:15, विजय मुहूर्त : 14:07 से 14:48, गोधूलि मुहूर्त : 17:31 से 17:58, सायाह्न सन्ध्या : 17:34 से 18:56, निशिता मुहूर्त : 23:56 से 24:51, राहुकाल : 12.:00 से 16:16, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:49 से 11:06, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पूर्व (21:11 तक), अग्निवास : पृथ्वी (22:24 तक), भद्रावास : पाताल (22:24 से), चन्द्रवास : उत्तर (पूर्व 21:11 से), शिववास : भोजन में (22:24 से श्मशान में)

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पूर्व (धनिया अथवा दलिया का सेवन, आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम मूल नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय चरण अनुसार क्रमशः (ये, यो, भा, भी) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप सेहत को लेकर अधिक संवेदन शील एवं चिंतित रहेंगे परिवार में आज किसी ना किसी के ऊपर दवाओं का खर्च लगा रहेगा।

वृषः आज के दिन आपमे संतोष की भावना अधिक रहेगी जितना मिल जाए उसी में आनंद से रह लेंगे लेकिन इसके विपरीत स्त्री वर्ग के मन मे किसी ना किसी कारण से उधेड़ बुन लगी रहेगी।

मिथुनः आज का दिन आपको मध्यम फलदायी रहेगा। प्रातः काल से ही शरीर मे शिथिलता अनुभव होगी।

कर्कः आज के दिन आपका मन अस्थिर रहने के कारण बनी बनाई योजनाए निरस्त हो जाएगी। बुद्धि का विवेक भी आज कम ही काम आएगा।

सिंहः आज का दिन भी आपके लिए कलहकारी बना रहेगा। आपसी व्यवहारों में थोड़ी सी चूक अशांति फैलाएंगी।

कन्याः आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। व्यवसाय के साथ ही आज मित्र संबंधियों से भी लाभ होगा।

तुलाः आज का दिन आपको सुख-संतोष की अनुभूति कराएगा। दिनचार्य आज व्यवस्थित नही रहेगी फिर भी दैनिक एवं सरकारी कार्यो को छोड़ शेष सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे।

वृश्चिकः आज दिन का आरंभ आलस्य प्रमाद से होगा दैनिक कार्य भी विलम्ब से करेंगे। व्यावसायिक कार्यो में भी मध्यान तक अरुचि रहेगी परन्तु इसके बाद का समय आमदनी बढ़ाने वाला रहेगा।

धनुः आज के दिन भी आपको विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

मकरः आज के दिन आप सार्वजनिक कार्यो में ज्यादा रुचि लेंगे इस कारण स्वयं के कार्य विलम्ब से होंगे।

कुंभः आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी दिन के आरंभ में मन मे आध्यात्मिक भाव रहेगा भजन पूजन में समय देंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज आप अन्य कार्यो को छोड़ धार्मिक गतिविधियों में ज्यादा संलग्न रहेंगे।

न्यूज गैलरी

आज टाउनशिप में जलआपूर्ति बाधित

भिलाई/नवप्रदेश। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा जयंती स्टेडियम के पीछे की तरफ पूर्व क्षेत्र में जल आपूर्ति हेतु 30 इंच व्यास की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज की समस्या पाई गई है। जिसका अविलम्ब अनुरक्षण कार्य करने के लिए, 10 जनवरी को शटडाउन कार्य लिया गया है। इस कार्य को सम्पादित करने हेतु, मरोदा जल शोधन संयंत्र से पूर्व क्षेत्र की सभी पेय जल सप्लाई लाइनों को बंद करने की आवश्यकता है। अतः 10 जनवरी को सेक्टर-1 सड़क क्रॉस स्ट्रीट, सड़क संख्या 1 से 25, सेक्टर-4 की सड़क संख्या 1 से 16 एवं सड़क ई.एम.आर का पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

गांजा तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। थाना भिलाई नगर क्षेत्र स्थित सेक्टर 9 एमडी चौक के पास अवैध रुप से गांजा परिवहन करते 3 आरोपी को भिलाईनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि बोरसी तरफ से तीन व्यक्ति एक दोपहिया वाहन मे अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के वास्ते परिवहन करते सेक्टर-9 की ओर आ रहे है। एम.डी. चौक सेक्टर 09 के पास पहुंचकर घेराबंदी कर व्यक्तियों को पकडकर पुछताछ किया। जिनके कब्जे से एक काले रंग के बैग के अंदर मादक द्रब्य गांजा 2 किलो रखा मिला। जिस पर आरोपी दीपक हियाल पिता श्याम लाल हियाल साकिन बीकेडी-15 सर्वेंट क्वाटर सेक्टर-9, पवन सोना पिता छोटु सोना साकिन रायपुर नाका चर्च के पास पदमनाभपुर दुर्ग, जसवंत तांडी उर्फ जस्सु पिता टेकचंद तांडी साकिन क्वाटर नं. 10 बी सड़क-6 सेक्टर-9 के विरुद्ध एनडीपीएस. एक्ट के तहत अपराध क्र. 27/2024 धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

कार में बैठकर बेच रहा था नशीली दवाई

भिलाई/नवप्रदेश। सुपेला थाना पुलिस ने एक युवक को घड़ी चौक के पास कर में बैठ नशीली दवाइयां भेजते हुए पकड़ा है। आरोपी के पास से कर सहित करीब 1.6 लाख का माल जब्त किया गया है। सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा के अनुसार रात 11 बजे सूचना मिला कि एक व्यक्ति कार शेवरेल एवीओ क्रमांक सीजी 07 एम 5010 में घड़ी चौक सुपेला में अवैध रूप से नवजवान युवको को नशीली दवाईयां बिक्री कर रहा है। सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और संदेही को घेराबंदी का पकड़ा गया। संदेही से नाम पता पूछने पर अपना नाम विकास ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर उम्र 25 साल निवासी क्वार्टर नंबर 2-बी सडक-37/सी सेक्टर-7 भिलाई नगर जिला-दुर्ग का रहने वाला बताया।

अतिरिक्त तहसीलदार ने पेड़ के नीचे लगाई जनचौपाल

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आज समय सीमा बैठक में जन सामान्य की राजस्व सहित विभिन्न प्रकार की मांगों, समस्याओं को गंभीरता से लेकर निराकरण किए जाने के निर्देश मिलते ही तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने एसडीएम मुकेश रावटे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत करंजा भिलाई का दौरा किया। दौरे के समय ग्रामवासियों ने अपनी राजस्व दस्तावेज संबंधी समस्या बताए जाने पर आम जनता को सुनने और समाधान करने उसी स्थान में पेड़ के नीचे बैठ गए। कोटवार के माध्यम से मुनादी करवाकर जन चौपाल लगाया और लोगों को मांगो समस्याओं को गंभीरता से सुना। जन चौपाल के दौरान जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी शैलेश भगत ने भी लोगों की आम समस्या सुनकर उसका समाधान किया। जन चौपाल में उपस्थित लोगो से चर्चा की। खाता धारक मन्नू लाल पिता तुलसी साहू ने अपनी जमीन के फौती नामांतरण , चिमन लाल ने

नक्शा काटने, प्रभा प्रसाद ने डुप्लीकेट किसान किताब दिलाने समक्ष में आवेदन किया। जिस पर फौरी कार्यवाही करते हुए मौके पर ही डुप्लीकेट किसान किताब देने, नक्शा काटने का आदेश दिया गया। फौती नामांतरण हेतु तुरंत समाधान किया गया। जन चौपाल में स्वामित्व योजना, भुइयां सॉफ्टवेयर में अभिलेख दुरुस्ती हेतु मोबाइल नंबर, आधार नंबर प्रविष्टि कराने, के लाभ की जानकारी दी गई। प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, धान बोनस वितरण से छूटे हितग्राहियों के खातों को अपडेट करने संबंधी आम लोगो से चर्चा, कर कृषि विभाग, सेवा सहकारी समिति एवं पटवारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। तहसीलदार गुप्ता ने उपस्थित लोगों को 06 जनवरी से चल रहे निर्वाचक नामावली को शुद्ध रखने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की जानकारी देते हुए मतदाता सूची को अद्यतन रखने नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने, स्थांतरित करने की कार्यवाही से अवगत कराया। लोगों को जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जागेश्वरी,पटवारी ज्योति राजपूत,सरपंच अशोक साहू, पंचायत सचिव रमेश सिन्हा, कोटवार व ग्रामवासी उपस्थित थे।

युवक की हत्या, हत्यारों को पकड़ने जीआरपी ने बनाई स्पेशल टीम

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जी केबिन चरोदा से लगे पीपी यार्ड रेलवे कॉलोनी के नर्सरी में रविवार को मिली लाश की पहचान हो गई है। मृतक मनीष शर्मा पिता राजीव शर्मा (22) चरोदा बस स्टैंड के पास अपने पिता के साथ शर्मा होटल चलाता था। मृतक के शरीर पर मिले तेजधार हथियार से प्रहार के निशान के आधार पर युवक की हत्या मानकर जीआरपी भिलाई मामले की विवेचना कर रही है। इस बीच मृतक युवक के ईर्द-गिर्द रहने वाले कुछ युवकों पर शक की सुई टिकी हुई है। वहीं आरोपियों को पकडऩे जीआरपी ने पांच सदस्यीय टीम गठित किया है। चरोदा जी केबिन से लगे पीपी यार्ड कॉलोनी स्थिति बीएसपी की नर्सरी में रविवार को एक युवक की लाश मिली। लाश गटर में पाई गई। युवक का गला व बाएं हाथ की कलाई को धारदार औजार से काटे जाने के निशान पाए गए। उसके दाहिने हाथ में अंग्रेजी में मनीष नाम का टेटू गुदा हुआ है। उसके सीने पर बाएं तरफ भगवान शिव का टैटू बना हुआ है। यह जानकारी सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चरोदा में शर्मा होटल का संचालन करने वाले परिवार ने जीआरपी थाना भिलाई में संपर्क किया। परिजनों ने सुपेला शास्त्री अस्पताल स्थित मरच्यूरी में जाकर मृतक की पहचान मनीष शर्मा के रूप की।

परिजनों के मुताबिक मनीष शर्मा शनिवार को दोपहर घर से निकला था। रात भर वह घर नहीं आया और उसका मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ बता रहा था। परिजनों को लगा कि मनीष कहीं चला गया है और बैटरी चार्ज नहीं होने से उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया है। रविवार शाम को जब पीपी यार्ड रेलवे कॉलोनी स्थित नर्सरी में युवक की लाश मिलने और उसके हाथ में टैटू से मनीष लिखे होने की जानकारी सोशल मीडिया में वायरल होने पर शर्मा परिवार के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने जीआरपी थाना में संपर्क किया। आज दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया।

जीआरपी भिलाई तीन प्रभारी राजकुमार बोर्झा ने बताया कि मुताबिक रविवार की सुबह करीब 10 बजे जीआरपी को नर्सरी के गटर में एक लाश मिलने की जानकारी मिली। इसके बाद जीआरपी की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। उसके गले पर रेतने के निशान थे और बाएं हाथ की कलाई की नस भी कटी हुई थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि चाकू या कटर से काटकर उसकी हत्या की गई है। गटर की टंकी के नीचे और टंकी के ऊपर खून के निशान मिले हैं। परिस्थिति को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या करने के बाद उसकी लाश को गटर में फेंका गया होगा। इस हत्याकांड में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है।

योजना का लाभ दिलाने हम निभाएंगे भूमिका : जितेन्द्र

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय की गई है, जिसके अंतर्गत जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा जिला समन्वयक साजन जोसेफ (बोरसी दुर्ग) एवं सह-समन्वयक के रूप में योगेश निक्की भाले (पाटन) एवं दिलीप गुप्ता (धमधा) की नियुक्ति की गई है। पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर विधानसभा स्तर पर बेहतर तरीके से कार्य संपादन करने एवं कारीगरों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से हर विधानसभा में संयोजक और सह-संयोजक भी बनाए गए हैं इसी तारतम्य में दुर्ग शहर विधानसभा के लिए संयोजक राजेश वर्मा (केलाबाड़ी दुर्ग) एवं सहसंयोजक गोविंद देवांगन (राजीव नगर दुर्ग) को बनाया गया है, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में उक्त योजना हेतु संयोजक नरेंद्र निषाद (मोहलई) और सह संयोजक हरीश यादव (डूमरडीह) होंगे, पाटन विधानसभा में संयोजक हर प्रसाद आडिल (ढौर) और सहसंयोजक केवल देवांगन (पाटन नगर) को बनाया गया है, इसी प्रकार अहिवारा विधानसभा हेतु समारू पटेल एवं सहसंयोजक विदेशी साहू को नियुक्त किया गया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में दुर्ग जिले में नियुक्तियां करने के पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि ऐसी महत्वाकांक्षी योजना को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा संगठन ने वृहत कार्ययोजना बनाई है। पारंपरिक कौशल रखने वाले कारीगरों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

जितना मन शांत एकाग्र है जीवन उतना ही सुख शांति से सम्पन्न : राजयोगी सूरज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्रेष्ठ कर्म से निश्चिन्त रहेंगे धन से नहीं अथॉरिटी के बोल में स्नेह समाया हुआ हो अथॉरिटी के बोल प्यारे नहीं लेकिन प्रभावशाली होते हैं जो जीवन बदलते हैं। उक्त उद्गार अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे पीस ऑफ चैनल के सुप्रसिद्ध शो समाधान के ओजस्वीवक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई ने दो दिवसीय मौन तपस्या कार्यक्रम व्यक्त से अव्यक्त की ओर के पहले दिन सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कही। ब्रह्माकुमार सूरज ने चित्त को शांत करने के उपाय बताते हुए कहा कि जो चित्त को शांत करना सीख ले जो वह ज्ञानी आत्मा है, उलझाने वाली बातें, व्यक्ति तो रहेंगे जीवन में जो थोड़ी बहुत कसर रही है उसे आज हमारे नए परिवार के सदस्य मोबाइल ने पूरी कर दी है। चिंता नहीं श्रेष्ठ चिंतन करेंगे तो चित्त शांत होगा। कर्म सिद्धांत का अटल सिद्धांत है जिसने जो किया है उसे उसकी फ्ल की प्राप्ति आज नहीं तो कल अवश्य मिलेगी इस धारणा से चित्त शांत रखिए। चित्तको शांत करने क्षमादान करे, तीनों लोकों का सबसे बड़ा दान क्षमादान है, बड़ी सोच वाले, बड़ी दिलवाले, ही क्षमा कर सकते हैं। जितना मन शांत एकाग्र है जीवन उतना सुख शांति से भरपूर होगा। मन छोटी-छोटी बातों में विचलित हो रहा है, मैं और मेरे पन को समाप्त करना पड़ेगा जो जीवन में विघ्न बनकर हमारे सफ्लता के मार्ग को रोक रही है। साक्षी भाव का अर्थ बताते हुए आपने कहा कि जीवन के खेल को साक्षी होकर देखें, घटना का प्रभाव हमारे मन पर ना हो। आपने दुआओं के महत्व को स्पष्ट करते कहा की आने वाले समय में धन दौलत नहीं लेकिन दुआओं के दौलत की डिमांड बढ़ेगी।

वित्तीय साक्षरता की सुरपा में दी जानकारी

पाटन/नवप्रदेश। इस भाग दौड़ भरी इस दुनिया में अमूमन लोग वित्तीय समस्या एवं धोखेधडी का शिकार हो रहे है। आज स्व. महंत पोसुदास हाईस्कूल सुरपा में लक्ष्मी फाउंडर के द्वारा विद्यार्थियों को स्कूली जीवन से ही पैसे की बचत तथा सही जगह पर उसके इस्तेमाल करने की जानकारी दी गई इस प्रोजेक्ट फाउंडर डीपीएस भिलाई के छात्र इनेश दत्त नागरिया तथा दिल्ली की छात्रा सार्वि गुप्ता स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को फाइनेंशियल लिटरेसी के प्रति छात्र छात्राओं को जागरुक कर रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों के फाइनेंशियल लिटरेसी के प्री तथा पोस्ट नॉलेज का टेस्ट भी किया गया।

संभागायुक्त व कलेक्टर ने किया माधो वाटिका का अवलोकन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग-भिलाई सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम द्वारा 16 करोड़ की लागत से माधो वाटिका (ठगड़ा बांध) सौंदर्यीकरण एवं पिकनिक स्पॉट का निर्माण कराया गया है। बांध के बीचों बीच बने आईलैंड और चारों ओर बने पाथवे पर दुधिया रोशनी में इस बांध की खुबसुरती बढ़ा दी है। सोमवार की संध्या 7 बजे संभागायुक्त एसएन राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों के साथ माधोवाटिका (ठगड़ाबांध) सौंदर्यीकरण का घुमकर अवलोकन किये। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों के साथ बांध में मोटर बोटिंग का आनंद भी लिए और चौपाटी में बैठकर

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुप्त उठाया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पिकनिक स्पॉट में घुमने आने वालों के लिए ट्रेन की व्यवस्था जल्द शुरू कराने, जल की कमी होने पर गर्मी के पहले नहर से पानी भराने की बात कही। नगर निगम आयुक्त श्री लोकेश चंद्राकर ने अवगत कराया कि लगभग 45 एकड़ में फैले इस बांध के सौंदर्यीकरण से शहरवासियों के लिए परिवार सहित स्वादिष्ट फूड आईटम के साथ बच्चों के लिए मनोरंजन आदि की सुविधाएं उपलब्ध हो गई है।लैंडस्केपिंग, लाईटिंग, मनोरंजन गतिविधियां आदि सौंदर्यीकरण से ठगड़ा बांध की खुबसुरती में गजब का निखार आया है। उन्होंने बताया कि माधोवाटिका (ठगड़ाबांध) में नवनिर्मित चन्द्रयान-3 चलित मॉडल को प्रदर्शन के लिए शहर के आम नागरिकों को समर्पित किया गया है। संभागायुक्त ने अधिकारियों के साथ इसकी प्रदर्शनी भी देखी। पिकनिक स्पॉट में स्थापित चन्द्रयान-3 का लाइव मॉडल स्कूली बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी चन्द्रयान की प्रक्षेपण की जानकारी प्रदान करेगा। उनकी जिज्ञासाओं को दूर करेगा, जिससे विज्ञान के बारिक पहलुओं को बच्चों को समझने में आसानी होगी। लोग बोटिंग, चौपाटी, विभिन्न खेल व झुले के साथ ही चन्द्रयान-3 मॉडल का भी लाइव लुत्फ उठा सकेंगे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. | पक्षकार का नाम मुकेश सोनी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401104300031

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मुकेश सोनी आ. गौकरणलाल निवासी ग्राम बाजार चौक भिलाई-3 तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमदा प.ह.न. 04 तह. भिलाई3जिला दुर्ग	668/7	0.0077 हें 825 वर्गमी.	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. | पक्षकार का नाम श्रीमती सिमला बाई | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401104300040

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सिमलाबाई पति सरजूदास निवासी ग्राम उमदा तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमदा प.ह.न. 04 तह. भिलाई3जिला दुर्ग	668/10	0.0077 हें 825 वर्गमी.	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. | पक्षकार का नाम किसलय साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401104300032

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक किसलय साहू आ. दाउराम साहू निवासी ग्राम हरदी, घोघरा, मस्तुरी तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमदा प.ह.न. 04 तह. भिलाई3जिला दुर्ग	906/34	0.0204 हें 22 वर्गमी.	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03, जिला दुर्ग

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, महोद्य दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता सागर दीप उम्र 19 वर्ष पिता देवरचंद दीप निवासी झोपडी सड़क नं. 45 सेक्टर-8 भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं। मेरे नाम से भारत सरकार का आधार कार्ड जिसका नं. 9814 1173 9222 जिसमें मेरा नाम सागर दीप (SAGAR DEEP) पिता देवरचंद दीप (DEVARCHAND DEEP) अंकित है। जो सही व सत्य है। मेरी जन्मतिथि 15.04.2005 है एवं मेरे कक्षा 10वीं एवं 12 वीं मां शारदा पब्लिक स्कूल भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. से उत्तीर्ण किया हूं जिसके शालेय रिकार्ड में मेरा नाम सागर दीप सागर दीप (SAGAR DEEP) पिता देवा दीप (DEVA DEEP) माता का नाम सरिता दीप (SARITA DEEP) अंकित है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सागर दीप (SAGAR DEEP) पिता देवरचंद दीप (DEVARCHAND DEEP) अंकित है। यह कि मेरा सही व वास्तविक नाम मेरा नाम सागर दीप (SAGAR DEEP) पिता देवरचंद दीप (DEVARCHAND DEEP) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे शालेय रिकार्ड व अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोद्य के समक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता सागर दीप (SAGAR DEEP)

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, महोद्य दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता प्रणय जैन (PRANAY JAIN) पिता पदम जैन (PADAM JAIN) निवासी मकान नं. ए-404 अरिहंत हाईट्स खण्डेलवाल कालोनी वार्ड 38 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरी पुत्री की जन्म दिनांक 22.12.2011 को हुआ है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में नाम शुभा जैन (SHUBHA JAIN) दर्ज है जो कि मेरी पुत्री का पुराना नाम है। मैने अपनी पुत्री का नाम परिवर्तित कर नव्या जैन (NAVYA JAIN) नया नाम रख लिया हूं। अब मेरी पुत्री नया नाम से जानी एवं पहचानी जावेगी एवं उनके आवश्यक दस्तावेजों में नया नाम नव्या जैन (NAVYA JAIN) दर्ज करवाना चाहता हूं। यह कि नव्या जैन नव्या जैन (NAVYA JAIN) एवं शुभा जैन (SHUBHA JAIN) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री नव्या जैन (NAVYA JAIN) का नाम है। अतः यह शपथ पत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र में अपनी पुत्री का नया नाम नव्या जैन (NAVYA JAIN) प्रकाशन कराने हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता प्रणय जैन

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्किल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202401101200003/ अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता सूचित किया जाता है कि आवेदिका पंचबतीी पति स्व. लोमन देशमुख निवासी कुथरेल मौजा कुथरेल प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग द्वारा स्थित भूमि खसरा नं. 1165 रकबा 0.2300 हे. का खाताा विभाजन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 29.01.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202312101400034/ अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इस न्यायालय के रा.प्र.क्रं. 202312101400034/अ-74/ वर्ष 2023-24 कार्यालय कलेक्टर महोद्य के आवेदन पत्र दिनांक 28.07.2023 आवेदिका शकुंतला रक्सेल पति दयाराम रक्सेल विरुद्ध छ.ग. शासन मौजा करगाडीह प.ह.नं. 56 रा.नि.मं. उतई में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 591 रकबा 0.0700 हे. 7612.5 वर्गफीट में से रकबा 43.60 गुना 11 वर्गमीटर 5162 वर्गफीट आवेदिका के नाम पर व्यवस्थापन कर पट्टा प्रदान करने बाबत् प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनवर हुसैन अन्य 4 पिता आर.डी. तिगाला निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 689/377, 687/452 रकबा 0.016, 0.002 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के भूखण्ड खातेदार जमील तिगाला की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक पट्टा खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मधु चौहरिया अन्य 3 पति प्रदीप चौहरिया निवासी ग्राम वार्ड 3 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 248/11 रकबा 0.019 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के भूखण्ड खातेदार प्रदीप कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक पट्टा खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवनीत कुमार जैन पिता प्रकाशचंद जैन निवासी आपापुरा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 232/1, 233 शा. 170, 456/7, 458 रकबा 0.405, 0.150, 0.0120, 0.4090 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता प्रकाशचंद के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 12.01.93 को अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार जैन पिता प्रकाशचंद जैन निवासी आपापुरा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 219, 220, शा. 339 रकबा 0.089, 0.279 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता प्रकाशचंद के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 12.01.93 को अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202401104500011
विषयः अ-5 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

करसा प.ह.न. 00012 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- अशोक कुमार
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम करसा प.ह.नं. 11 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार तिवारी पिता मंगल प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम करसा द्वारा ग्राम करसा प.ह.न 11 तहसील पाटन स्थित अपने नाम दर्ज भूमि पुराना खसरा नं. 306/2 रकबा 0.14 हे. का नया खसरा नं. 531 रकबा 17.50 हे. है बंदोबस्त त्रुटी से हुई रकबा के कमी के सुधार हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक अशोक कुमार तिवारी पिता मंगल प्रसाद तिवारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार बंदोबस्त त्रुटि सुधार की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23.01.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5106422122023029

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी दिलबाई पिता/पति स्व. मंथिर पता ग्राम पुरई तह. व जिला दुर्ग, दिलेश्वर यादव उर्फ गीतेश्वर यादव पिता/पति स्व. रेखलाल पता वार्ड नं. 53 पोटियाकला दुर्ग, मोहनीबाई पिता/पति स्व. रेखलाल पता वार्ड नं. 53 पोटियाकला दुर्ग, यमुनाबाई उर्फ जमुनाबाई, पिता/पति स्व. मंथिर पता पुरानीबस्ती भाटापारा पोटियाकला दुर्ग, रुपेश्वरी पिता/पति स्व. रेखलाल पता वार्ड नं. 53 पोटियाकला दुर्ग, लक्ष्मी पिता/पति स्व. मंथिर पता कैम्प-2 रविदास नगर शारदानगर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 365/8(0.0243) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनीता साहू पिता/पति यशवंत कुमार पता पोटियाकला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5124915122023022

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी नामदेव जसवानी पिता/पति भोलामल जसवानी पता म.न. 309 गुरुनानक वार्ड 24 मोहन नगर तह. व जिला दुर्ग, बहे मु.आम. फुलसिंह पिता/पति स्व. डेरहाराम निर्मलकर पता म.न. 74 पुरानी बस्ती वार्ड नं. 54 पोटियाकला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 479/1 (0.0335) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नामदेव जसवानी पिता/पति भोलामल जसवानी पता म.न. 309 गुरुनानक वार्ड 24 मोहन नगर तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00024 थनौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107800003

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम थनौद के वर्तमान भूमिस्वामी रामकिसुन पिता/पति पि. घासीदास पता थनौद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 586/1(0.0200), 2125/2(0.1100), 2125/13(0.0700), 2125/6(0.1200), 2125/4(0.1900), 1986/2(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता लिलेश कुमार पिता/पति स्व. कौशल ठाकुर पता ग्राम थनौद तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सेवती देशमुख पति स्व. मनोज कुमार निवासी ग्राम मिलपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि भूखण्ड क्रं. 974/278 क्षेत्रफल 165.71 वर्गमीटर भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के भूखण्ड खातेदार मनोज कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक पट्टा खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

बंद मिला स्कूल, प्राचार्य को नोटिस जारी

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने सारंगढ़ विकासखण्ड के प्राथमिक शाला मानिकपुर को 5 जनवरी को दोपहर 2 बजकर 25 मिनट में स्कूल के बंद पाए जाने की सूचना पर डीईओ को जांच के निर्देश दिए। जांच हेतु इस प्रकरण में प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक के विरुद्ध सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता शिक्षा है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में शिकायत प्राप्त होने है पर और सख्त कार्यवाही किया जाएगा।

नंदकुमार बघेल को सतीश ने दी श्रद्धांजलि

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस अवसर पर सतीश अग्रवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल स्वाभिमानी व्यक्ति थे वे हमेशा अपने बेबाकी के लिए जाने जाते रहे हैं। सतीश अग्रवाल ने दुख की इस घड़ी में भगवान से बघेल परिवार के लिए प्रार्थना की है कि बघेल परिवार पर आए दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

पूर्व मंत्री डहरिया कई कार्यक्रमों में शामिल हुए

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया केआज विधानसभा बिलाईगढ़ के कई कार्यक्रम में शामिल हुये।

तय कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मंत्री श्री डहरिया दोपहर 12:00 बजे राजधानी रायपुर से रवाना होकर वनांचल के ग्राम कुशभाटा, मांनदीप एवं कोहा जुनावानी, पहुंचे, ग्राम कोहा जुनवानी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोना खान के पूर्व अध्यक्ष नल कुमार पटेल के पिता बेदराम पटेल के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकर्ताओं के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात किये, इस दौरान बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरें एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण मालाकार ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया तत्पश्चात मंत्री डहरिया कुशभाटा ,मांनदीप ,बिलाईगढ़, टुंडरी में भी कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए कुशल क्षेम जाना,लोकप्रिय पूर्व मंत्री को अपने बीच पाकर लोगजन फूला नही समा रहे थे, पूर्व मंत्री के साथ प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन अग्रवाल, छत्रसाल साहू, जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक , रामशंकर साहू,पूर्व अध्यक्ष बिलाईगढ़ नेमीचंद केसरवानी ,नगर पंचायत अध्यक्ष मोती साहू ,लक्ष्मी पटेल ,अधिवक्ता जागेश्वर लहरे, गोपलाल पटेल ,महासचिव प्रेमशिला नायक ,डॉक्टर भूपेंद्र नायक, यादराम हीरवानी, शैलेंद्र देवांगन, संतराम बरिहा, दिनेश देवांगन ,लक्ष्मी पटेल, अधिवक्ता एवम नोटरी राजकुमार जांगड़े ,लता जाटवार, डॉक्टर शंकर नारंग, कमलेश कुर्रे, डॉक्टर हरिराम पटेल ,आशीष अग्रवाल ,गोप यादव ,जितेंद्र पटेल ,धर्म वर्मा, नीतीश बंजारे ,परमानंद साहू आदि सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

आज पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

बेमेतरा/नवप्रदेश। 10 जनवरी 2024 को विकसित भारत संकल्प यात्रा ज़िले के बेसिक मैदान पहुँचेगी। 10.30 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। विभिन्न विभाग के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। शिविर में विभागीय अधिकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे साथ ही योजना का लाभ लेने आये हुये पात्र हितग्राही को त्वरित रूप से शिविर स्थल पर योजना का लाभ दिलाएंगे। शिविर मे आधार कार्ड और आयुष्मान्य कार्ड भी बनाये जायेंगे। ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जाँच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

महाराष्ट्र मंडल ने किया विधायक मूणत का स्वागत

■ **सामाजिक संस्थाओं के आयोग के प्रस्ताव पर मांगा सहयोग**

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री व रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत से महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। विधानसभा चुनाव में 44 हजार से अधिक मतों से मिली ऐतिहासिक जीत को लेकर उनका फूलों के गुलदस्ते से अभिनंदन किया गया। साथ ही महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने सामाजिक संस्थाओं के लिए आयोग गठन के प्रस्ताव पर उनसे भी सहयोग मांगा।

अध्यक्ष अजय काले ने मूणत से कहा कि यदि सामाजिक संस्थाओं के लिए आयोग का गठन होता है, तो सरकार के विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम-अभियान समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगे। इसका लाभ वे ले सकेंगे। इसी तरह सोशल मीडिया के माध्यम से समाजों और आमजनों के बीच अफवाहें और भ्रामक खबरें फैलते रहती हैं, जैसे कि हाल ही में ट्रक चालकों की हड़ताल के दौरान अफवाह फैली कि शहरभर के पेट्रोल पंपों में डीजल-पेट्रोल खत्म हो गया है। जबकि स्थिति वैसी नहीं थी। ऐसे समय स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए आयोग के मार्गदर्शन में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

सचिव चेतन दंडवते ने मूणत से कहा कि सामाजिक संस्थाएं कौन- कौन से समाजसेवा के काम कर रहीं हैं। उनके कार्यों का स्तर और कार्यशैली कैसी है, यह भी जानने- समझने का मौका आयोग को मिलेगा। विभिन्न समाजों के कार्यों का अध्ययन करने के बाद आयोग समाजसेवा के दो- तीन कार्य चिन्हित कर प्रदेश भर के समाजों व संस्थाओं को करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर सकता है। इसके प्रदेश स्तर पर व्यापक परिणाम आमजनता को भी दिखाई देंगे। समाज सेवा के ऐसे प्रदेश स्तरीय काम दूसरे प्रदेशों के लिए रोल मॉडल का काम करेंगे और छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा भी बढ़ाएंगे। इससे नवगठित आयोग की उपयोगिता सिद्ध होगी।

मूणत ने मंडल अध्यक्ष काले व सचिव दंडवते की बातों को ध्यान से सुना। महाराष्ट्र मंडल का प्रस्ताव उन्हें खासा पसंद आया। उन्होंने प्रस्ताव के सहयोग पर हामी भरी और प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की सभी को बधाई भी दी। इस मौके पर मेस व भवन प्रभारी दीपक किरवईवाले, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सह प्रभारी परितोष डोनगांवकर, युवा समिति के सचिंद्र देशमुख और सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी भी साथ में रहे।

बाबा गुरु घासीदास ने सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश : संतोष

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय पंडरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम नरसिंहपुर में आयोजित संत बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद संतोष पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने जैतखाम व बाबा गुरु घासीदास जी की तैलचित्र की पूजा-अर्चना की। सांसद पांडेय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर भेदभाव को दूर करने की बात कही है। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा व एकता बनाए रखना है। इसके पूर्व ग्रामीणों ने सांसद पांडेय का अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रज्ञेश तिवारी, पूर्व जनपद सदस्य तिवारी साहू, पूर्व जनपद सदस्य राजकुमार यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित भास्कर, भोरमदेव शक्कर कारखाना के सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि फलित साहू, अन्य पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

बालको के श्रमिक हक मांग रहे, मिल रही लाठियां : ज्योत्सना महंत

■ **हसदेव को बचाने कांग्रेसी हुए एकजुट**

गौरेला/पेंड्रा/मरवाही/नवप्रदेश। बालको प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के एकतरफा निलंबन के खिलाफ कर्मचारियों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठी चार्ज करके बलपूर्वक कुचले जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रशासन बर्बरता पर उतर आई है। अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलना भारतीय जनता पार्टी की परंपरा बन चुकी है। किसी भी तरह की जायज मांग, सलाह, सुझाव या चर्चा की कोई गुंजाइश भाजपा शासन काल में नहीं रह

गई है।

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि बालको प्रशासन कर्मचारियों की वेतन विसंगति और नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने की मांग को अविलंब पूरा करें। शांतिपूर्ण तरीके से टूल डाउन करके प्रदर्शन कर रहे बालको के कर्मचारियों पर लाठीचार्ज की घटना निंदनीय है। भाजपा की सरकार पूंजीपतियों के दबाव में कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करवा रही है। कर्मचारियों की जायज मांग को कुचल रही है। भाजपा की सरकार बनते ही उद्योगों में मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार शुरू हो गया है, सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा है कि हसदेव के जंगलों को बचाने के लिए कांग्रेस एकजुट है। हसदेव के जंगल में कोयला खनन के लिए काटे जा रहे पेड़ों के विरोध में ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान को एक निजी कंपनी को आवंटित की है। कंपनी कोयला खनन के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों को काट रही है। ये सभी पेड़ कई वर्षों पुराने हैं। पेड़ों की कटाई से क्षेत्र के लोगों पर गंभीर असर पड़ेगा, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान होगा।

सिन्हा समाज का मिलन समारोह संपन्न

■ **विवाह योग्य युवक-युवतियों ने भी दिया परिचय**

डोंगरगांव/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा (कलार) समाज का तहसील स्तरीय मां बहादुरिन जयंती, पारिवारिक मिलन समारोह तथा युवक युवती परिचय सम्मेलन रविवार को ग्राम दीवानझिटिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दूरदराज के अलावा अन्य तहसील के स्वजातियों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। छोटे छोटे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच अनेक विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपना परिचय प्रस्तुत किया।

सिन्हा समाज के वार्षिक कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पीतवस्त्रधारी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर ग्राम का भ्रमण किया। इस बीच कलश यात्रा में रथ पर सवार माता बहादुरिन की प्रतिमा की जगह जगह आरती उतारी गई। कलश यात्रा के बाद सामाजिक सम्मेलन प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपना परिचय प्रस्तुत किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अनेक युवक युवतियों के परिजनों ने भी एक दूसरे से मुलाकात कर अपने पुत्र पुत्रियों के लिए

योग्य जीवन साथी ढूंढने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के बीच में ग्राम गिरगांव सहित दीवानझिटिया व अन्य ग्राम से आये बालक बालिकाओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत कर खूब तालियां व नगद पुरूस्कार बटोरी। कार्यक्रम के बीच में ही प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष तथा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, भाजपा नेता राजेन्द्र जैन बंटू, मंडल भाजपा महामंत्री संतोष यादव, योगेश पटेल, लोकेश यदु आदि ने अपनी उपस्थिति देकर उपस्थित समाजजनों को संबोधित किया।

अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश और निमंत्रण पत्र को पहुंचाया घर-घर

बेमेतरा/नवप्रदेश। 22 जनवरी को लेकर अयोध्या धाम में तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही हैं अयोध्या धाम को भव्य तरीके से सजाया जा रहा हैं, अयोध्या की आकृति ऐसा लग रहा हैं जैसे त्रेता युग में युग पुरुष भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम लंका पर विजय प्राप्त कर अयोध्या धाम आ रहे हैं, 500 वर्ष की संघर्ष के बाद जब प्रभु राम अपने धाम आ रहे हैं, तो देश में फिर दिवाली की तरह लोगों में खुशी दिखाई दे रही हैं। पूरे देश में 22 जनवरी को लेकर हिंदू समाज के लोगों के द्वारा उत्साह मनाने को लेकर विभिन्न स्थानों में तैयारी की जारी हैं। इसी परिपेक्ष में 22 जनवरी को बेमेतरा राममंदिर और भद्रकाली मंदिर में भी आयोजन किया गया हैं। इसी परिपेक्ष में 8 जनवरी को कृष्ण विहार कॉलोनी बेमेतरा में अयोध्या धाम से पहुंचे अक्षत और निमंत्रण पत्र को राम भक्तों के द्वारा घर-घर जाकर पहुंचाया गया और 22 जनवरी को हर घर में दीपक जलाकर रंगोली बनाकर पटाखे जलाकर उत्सव मनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा, आदित्य सिंह राजपूत, हर्षवर्धन तिवारी, नीतू कोठारी, विजय सुखवानी, राकेश मोहन शर्मा, अमेरिका निर्मलकर, गणेश अग्रवाल, अनिल शर्मा, भास्कर तिवारी, पारस वैष्णव, भावेश शर्मा सहित सेवा में लगे राम भक्त उपस्थित थे।

अनुशासन और एकाग्रता के साथ खेले, शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन करें : कुलबीर

■ **संकुल स्तरीय खेलकूद में हिमानी बनी चैम्पियन**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम मुडपार में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल होकर खिलाड़ी बच्चों का हौसला अफ्ज़ाई कर विजेताओं को पुरस्कृत किया।

ज्ञात हो कि विगत दिनों धामनसरा संकुल क्षेत्र के ग्राम

मुड़पार में संकुल स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल क्षेत्र के धामनसरा, मलपुरी, मुड़पार, उसरीबोड़, भोथीपारखुर्द के स्कूली बच्चें शामिल होकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार और जीत लगा रहता है, खेल भावना के साथ अनुशासन और एकाग्रता के साथ खेलना चाहिए और अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इसी तरह खेल के साथ-साथ शिक्षा भी जरूरी है, वहीं शिक्षकों के बताएं मार्ग व एक-एक शब्द को आत्मसात करें, तो कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता।

संकुल स्तरीय खेलकूद में प्राथमिक विभाग में मुड़पार प्रथम, माध्यमिक विभाग में धामनसरा प्रथम बनी।

पेज 1 का शेष

पौने चार करोड़ खर्च कर...
वहां खेती की जमीन ही बहुत कम है।
अब नए कलेक्टर और विधायक से न्याय की उम्मीद : पीड़ित किसान का कहना है कि अब जिले में नए कलेक्टर की पोस्टिंग हुई है, साथ ही विधायक का चेहरा भी बदल गया है। अब इन दोनों से अपनी जमीन के मुआबजे के लिए गुहार लगाएगा। किसान का कहना है कि जमीन तो चली ही गई है, सरकार से मुआवजा ही मिल जाता तो ठीक रहता। खेत में वॉटर लिफ्टिंग कर सब्जी-भाजी की खेती करता था। सौरऊर्जा की प्लेट को भी ठेकेदार ने हटा दिया है। उन प्लेट को भी व्यवस्थित नहीं किया।

भूपेश से मिले मुख्यमंत्री ...
रायपुर में भर्ती हुए तो उन्हें दिमाग में खून का थक्का जमा था। उन्हें निमोनिया था और पूरे शरीर में इन्फेक्शन फैला था। जिसे सेप्टिसीमिया कहते हैं। जिसकी वजह से नंदकुमार बिस्तर में पड़ गए और इन्हें वेंटिलेटर की जरूरत पड़ी। आज 10 जनवरी को गृह ग्राम कुरूदडीह में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

ईडी ने राबड़ी देवी, मीसा ...
रिश्तेदारों से उपहार के रूप में या सस्ती दरों पर जमीन के भूखंडों के बदले नौकरी देने का आरोप है। इस मामले की जांच दो साल पहले शुरू हुई थी लेकिन मामला पिछले साल दर्ज किया गया।

महिला सीईओ ने 4 साल ...
आई थी। सोमवार (8 जनवरी) को उसने होटल से चेक-आउट किया था। सूचना ने बेटे का मर्डर क्यों किया, पुलिस ने इसकी वजह नहीं बताई है। कहा जा रहा है कि पति से तलाक की वजह से उसने यह कदम उठाया। सूचना मूल रूप से पश्चिम बंगाल की निवासी है। वह बेंगलुरु में रहती थी। उसके एक्स हसबैंड केरल के रहने वाले हैं। वह फि लहाल इंडोनेशिया में हैं। गोवा पुलिस ने उन्हें भारत बुलाया है। गोवा पुलिस के मुताबिक, सोमवार को होटल की तरफ से उन्हें घटना की जानकारी मिली। दरअसल, जब होटल का एक स्टाफ रूम में सफाई करने पहुंचा तो उसने वहां खून के धब्बे देखे। स्टाफ ने होटल मैनेजमेंट को इसकी सूचना दी। इसके बाद गोवा पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने सीसीटीवी चेक किया, जिसमें सूचना अपने बेटे के साथ होटल में आती दिखती है। हालांकि चेक आउट के वक्त वह अकेली थी। इसके बाद गोवा पुलिस हरकत में आई। इसके बाद गोवा पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर को फ ोन किया और सूचना से बात करवाने को कहा। पुलिस ने सूचना से उसके बेटे के बारे में पूछा। सूचना ने दावा किया कि उसका बेटा गोवा के फतोर्डा में एक रिश्तेदार के घर पर है। सूचना ने एक पता भी बताया, जो फ र्जी निकला। इसके बाद गोवा पुलिस का शक और पक्का हो गया। पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर को तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन जाने के लिए कहा।

ईडी की मुंबई में उद्धव...
ईडी टीम ने विधायक और उनके कुछ सहयोगियों के परिसरों पर छापेमारी कर रही है। ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग का मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की प्राथमिकी से उपजा है, जिसमें विधायक पर एक बगीचे के लिए आरक्षित भूखंड पर एक पांच सितारा होटल के निर्माण के लिए अवैध रूप से मंजूरी प्राप्त करने का आरोप है। आरोप है कि इस डील से बीएमसी को भारी नुकसान हुआ।

कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई से पालिकाकर्मी परेशान : चंद्रवंशी

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा शहर मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में भाजपा के पार्षदों ने कवर्धा नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों को जल्द वेतन दिलाने की माँग की। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कवर्धा नगर पालिका में काँग्रेस पार्टी को मेंडेट मिला था पालिका चलाने के लिए लेकिन काँग्रेस पार्षदों के आपसी मतभेद और कमीशनखोरी के चलते विगत 4 वर्षों से शहर के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। इसकी संपूर्ण जवाबदारी कांग्रेस पार्षदों की है जो अपने कर्तव्य और दायित्व से विमुक्त होकर कवर्धा शहर की जनता एवं नगर

पालिका के कर्मचारियों को परेशान करने का बीड़ा उठा रखा है । नगर पालिका अध्यक्ष अपना पद छोड़ के भाग रहे हैं दूसरी ओर गाली गलौज से भरे आडियो भी वायरल हो रहे हैं। लोगों को पालिका से जुड़े कार्य के लिए भटकना पड़ रहा है ।

उन्होंने कहा वर्तमान परिस्थिति में पालिका के कार्यो के रुकावट से शहर वासियों को जो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उसके लिए पूर्णतः कांग्रेसी पार्षद जिम्मेदार है जिन्होंने पालिका को भ्रस्टाचार का अड्डा बना रखा था ।

वर्तमान में विगत दो माह से कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है जिससे पालिका के कर्मचारी परेशान हो रहे है । इन सभी विषयों को लेकर सीएमओ को आज ज्ञापन दिया गया है ताकि जल्द से जल्द पालिका प्रशासन ठोस निर्णय लेते हुए कमर्चारियों का वेतन भुगतान करें । कवर्धा शहर की बदहाली और अपने दायित्व निर्वहन करने में पूर्णतः फैल हो चुके कांग्रेसी पार्षदो को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वयं स्तीफा दे देना चाहिए ।

इस अवसर और पार्षद उमंग पांडे, पवन जायसवाल,मनहरण कौशिक,रिंकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा,राजा टाटिया, पन्ना चंद्रवंशी, देवा साहू,नील कमल ,मनीष साहू,यश भट्ट,हर्ष खुराना,उपस्थित थे।

ऐतिहासिक कर्णेश्वर मेला महोत्सव का आयोजन 24 फरवरी से, 28 को होगी बैठक

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेश्वर ट्रस्ट की सोमवार को हुई बैठक मे ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता की अध्यक्षत्ता में आयोजित बैठक में पांच दिवसीय मेला महोत्सव परम्परा के अनुसार करने का निर्णय लिया गया. 23 फरवरी को सांध्यकालीन बेला में कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से मेला महोत्सव का शुभारंभ होगा।मध्य रात्रि से बालका व महानदी के संगम पर शाही पुन्नी स्नान होगा जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवताओं का आगमन अपने देव विग्रह समेत होगा जिसकी व्यापक तैयारियां पर चर्चा हुई। 24 फरवरी को पूर्णिमा स्नान व 25 फरवरी को मड़ई का आयोजन होगा। परम्परा अनुसार देवी देवता मेला का परिक्रमा इस दिन करेंगे। बैठक में मन्दिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो पर चर्चा की गई। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 1100 दीप से मन्दिर प्रागण को सजाने के निर्णय लिया गया। मेला के स्वरूप को अंतिम रूप प्रदान करने आगामी दिनों में ट्रस्ट की बैठक आहूत किया जायेगा।

कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी
(वि.ख.कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, वि.ख. कवर्धा, जिला-कबीरधाम)
Phone: 07741-266675 Email:bpmchcpipariya@gmail.com
क्रमांक/एन.एच.एम./लेखा/2023-2024/25 पिपरिया दिनांक 05/01/2024
प्रेस विज्ञप्ति
अल्पकालीन खुली निविदा (Short Tender)
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत, विकासखंड-कवर्धा में 430 मितानिनों का 28 वां चरण 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में आयोजित किया जाना है। जिसमें प्रतिदिन मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षको के चाय, नास्ता व भोजन व्यवस्था दिये गये मार्गदर्शी नियमों के अनुसार फर्मो/एजेंसियों/SHG के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है। इस हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 12:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक राशि 500.00 रु. मात्र निविदा प्रपत्र मूल्य का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो की नॉन रिफण्डेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं, डी.डी. Block health Society, Pipariya के नाम से ही स्वीकार किये जायेंगे।
निविदा प्रपत्र ब्रिकी की अंतिम तिथ : 16 जनवरी 2024 को दोपहर 02.00 बजे तक।
निविदा पूर्व शंका समाधान बैठक : 16 जनवरी 2024 को अपराह्न 03.00 बजे से
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 19 जनवरी 2024 को साम 05.00 बजे तक।
निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि : 22 जनवरी 2024 को अपराह्न 01.00 बजे।
इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.kawardha.gov.in में देखा जा सकता है।
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकास खण्ड कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी
(वि.ख.कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, वि.ख. कवर्धा, जिला-कबीरधाम)
Phone: 07741-266675 Email:bpmchcpipariya@gmail.com
क्रमांक/एन.एच.एम./एवीडीएस/2023-2024/31 पिपरिया दिनांक 05/01/2024
प्रेस विज्ञप्ति
-:: निविदा (Short Tender) आमंत्रण सूचना ::-
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत, टीकाकरण कार्यक्रम में संचालित Alternative Vaccine Delivery (Avds) के कार्य हेतु विकासखंड कवर्धा (पिपरिया) में वैक्सीन पहुंचाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य करने हेतु जिला-कबीरधाम निवासी हो/इच्छुक फर्म/NGO/संस्था संबंधित विकासखंड कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया से निर्धारित तिथि में कार्यालयीन दिवस पर प्रातः12.00 से संध्या 05.00 बजे तक रुपये 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) जो कि नॉन रिफन्डेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। डी.डी./बैंकर्स चेक Block Health Society Pipariya के नाम से ही स्वीकार किये जावेंगे।
निविदा प्रपत्र ब्रिकी की अंतिम तिथ : 16 जनवरी 2024 को दोपहर 02.00 बजे तक।
निविदा पूर्व शंका समाधान बैठक : 16 जनवरी 2024 को अपराह्न 03.00 बजे से
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 19 जनवरी 2024 को साम 05.00 बजे तक।
निविदा खोले जाने की तिथि :23 जनवरी 2024 को अपराह्न 01.00 बजे।
इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.kawardha.gov.in में देखा जा सकता है।
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकास खण्ड कवर्धा जिला-कबीरधाम छ.ग.

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नया प्रशासनिक कार्यालय, कक्ष क्र. 508 चतुर्थ तल, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नंबर- 0771-2535780, 90, फैक्स: 0771-2227395 ई-मेल- dc_rmc@rediffmail.com
क्रमांक 587 / वित्त विभाग / न.पा.नि./ 2024 रायपुर, 08/01/2024
-: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना :-
एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम क्षेणी में पंजीकृत लीगल एडवाईजर / पार्टनर शिप फर्म से निम्नांकित कार्यो हेतु सीलबंद निविदायें बाजार दर के आधार पर तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 22/01/2024 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम मुख्यालय में कार्यालयीन दिवस में दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 19/01/2024 को सायं 05:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात् प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनाक 19/01/2024 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदाये दिनाक 22/01/2024 को सायं 05.00 बजे खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (रूपये)	अमानत राशि (रूपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)	कार्य की अवधि
01	Work for Appoinment for Legal Adviser For Muncipal Bond	5,00,000.00	5,000.00	750.00	12 माह

शर्ते :-
1. निविदा के दस्तावेज हाथो हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट / से ही प्राप्त किया जाएगा।
2. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम मुख्यालय, वित्त विभाग से प्राप्त की जा सकती है।
घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।
उपायुक्त (वित्त)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ देने विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पीएम जनमन योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में अंतर को समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदायों, परिवारों एवं बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं से संतृप्त किया जाना है। जिस हेतु 9 मंत्रालयों, विभागों की मौजूदा योजनाओं के साथ 11 बिन्दुओं को शामिल किया गया है।

धान बेचने में किसानों को न हो असुविधा : महोबे

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के शेष दिनों में सतर्कता के साथ पात्र किसानों के धान खरीदी, धान का उठाव और धान खरीदी केन्द्र में सतत निगरानी रखने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई असुविधा नही होनी चाहिए। सभी पात्र किसानों का धान खरीदना है। धान खरीदी के अंतिम दिनों में कोचिया बिचौलिया अधिक सक्रिय होते हैं। उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिले के सीमावर्ती धान खरीदी केन्द्रों में अन्य राज्य का धान नहीं आना चाहिए। उन्होंने चेकपोस्ट पर अन्य राज्यों से आने-जाने वाली सभी वाहनों कड़ी निगरानी रखते हुए जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही चेक पोस्ट में सभी वाहनों की जानकारी भी रजिस्टर में संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के पहले उसका सत्यापन जरूर करें। गड़बड़ी करने वालो पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का किया शुभारंभ

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय परिसर में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उदघाटन किया।

ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में जिले के नागरिक ईवीएम/वीवीपैड के सबंध में जानकारी ले सकते है और इसमें हैंड्स ऑन भी कर सकते है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज सिंह बिसेन, डीईओ श्री एमके गुप्ता सहित समस्त तहसीलदार, निर्वाचन के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के साथ ही दोनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर 71-पंडरिया और 72-कवर्धा के कार्यालय में भी ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उदघाटन किया। इस सेण्टर में सभी लोग ईवीएम/वीवीपैड के सबंध में जानकारी ले सकते हैं और इसमें हैंड्स ऑन भी कर सकते हैं।

ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन मशीन से वोटिंग की दी जा रही जानकारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के द्वारा वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय सहित जिले के तहसील कार्यालयों में भी ईवीएम डेमोस्ट्रेशन मशीन लगाई गई है। इससे कार्यालय आने वाले लोगों को वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। मशीन के पास कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई है। जिससे आमजन सरल और स्थानीय भाषा में ईवीएम से वोट डालने की जानकारी ले रहे हैं। ईवीएम डेमोस्ट्रेशन मशीन कलेक्ट्रेट कार्यालय गरियाबंद सहित छुरा, गरियाबंद, देवभोग, फिंगेश्वर, राजिम एवं मैनपुर तहसील कार्यालय में लगाई गई है। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने पास के ही तहसील कार्यालय में जाकर ईवीएम और वीवीपैट से मतदान सम्पन्न कराने के बारे में जानकारी मिल रही है।

अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कार्रवाई के निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में धान खरीदी, धान मीलिंग, खाद्यान्न उपलब्धता, राशन कार्ड ई-केवाईसी एवं राशन दुकानों में खाद्यान्न भण्डारण की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए बनाये गये निगरानी दल की भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने जिले में बनाये गये चेकपोस्ट और चेकपोस्ट में ड्यूटी लगाये गये अधिकारी-कर्मचारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी निगरानी दल को सक्रिय कर गंभीरतापूर्वक सतर्क रहने के निर्देश दिये। जिससे अवैध धान के परिवहन न हो सके। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में कहीं भी अवैध धान का परिवहन नहीं होना चाहिए। परिवहन करते पाये जाने पर जिम्मेदारों पर जवाबदारी तय की जायेगी। कलेक्टर ने अभी तक अवैध धान के संबंध में बनाये गये प्रकरणों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए इस संबंध में प्रतिदिन रिपोटिंग की भी जानकारी देने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, खाद्य अधिकारी श्री सुधीरचन्द्र गुरू, डीएमओ श्री अमित चन्द्राकर, जिला प्रबंधक नान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

नेशनल गेम में छत्तीसगढ़ शालेय टीम की सदस्य रही गरियाबंद की लक्ष्मी

■ भारतीय खेल प्राधिकरण के लिए चयनित

गरियाबंद/नवप्रदेश। तमिलनाडु के त्रिचापल्ली में आयोजित 67 स्कूल नेशनल गेम्स वॉलीबाल खेल में छत्तीसगढ़ शालेय टीम की सदस्य रही लक्ष्मी यादव का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है।लक्ष्मी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेडी की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा है। चयन होने कर शालेय परिवार पिपरछेड़ी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बता दे कि लक्ष्मी यादव कक्षा पांचवी से ही वॉलीबॉल खेलना प्रारंभ कर दी थी। अपनी बड़ी बहन केशरी यादव जो वॉलीबॉल खेल में पांच बार राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ टीम की सदस्य रह चुकी है, जिनका चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुवा था का अनुसरण कर इस मुकाम को हासिल की है। अब तक पांच बार राज्य स्तरीय मैच में स्वर्ण एवम रजत पदक प्राप्त कर चुकी लक्ष्मी यादव वर्तमान में वनांछादित ग्राम पिपरछेडी में प्रतिदिन अभ्यास करती है। ग्राम पिपरछेड़ी से प्रतिवर्ष वॉलीबॉल खेल में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होकर छत्तीसगढ़ की शालेय टीम के लिए चयनित होकर गरियाबंद जिला एवम ग्राम का नाम रोशन करते आ रहे हैं। रोजमर्रा के कार्य कर जीवन यापन करने वाले परिवार की दोनो बहने अपनी पहचान और केरियर खेल के माध्यम से बनाना चाहती है। लक्ष्मी यादव की इस सफलता पर संस्था के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी, सरपंच गैंद लाल दीवान, ईश्वर वर्मा, अश्वनी वर्मा ग्राम पटेल, समन्वयक कृष्ण कुमार बया, व्याख्याता गण केपी साहू, बीरेंद्र सिन्हा, किरण दीवान, दिनेश निर्मलकर, दीपक गवली, हरिनारायण यादव, डॉक्टर ओमप्रकाश वर्मा, श्रीमती नूतन साहू, योगेश्वरी यादव, हेमंत दाऊ, रूपेश तांडी, खिलावन साहू, चंद्रकांत ऊके, सूरज महादिक, बैजनाथ नेताम, बाबूलाल बेल, तार सिंग सोरी, सत्येन्र पटेल, हितेश सिन्हा, पुरषोत्तम ध्रुव, रविंद्रा मरकाम, गुलशन वर्मा, रोमेंद्र ध्रुव ने स्वागत करते हुए बधाई दी।

पंडित जवाहर लाल नेहरु उत्कर्ष योजना के तहत प्रवेश के लिए चयन प्रीक्षा 10 मार्च को

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरु उत्कर्ष योजना के तहत जिला स्तर पर विद्यार्थियां को प्रवेश के लिए चयन प्रीक्षा आयोजित किया जाएगा। इस योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 मे कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियां के द्वारा विद्यालय में आगामी 25 जनवरी 2024 को शाम 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। इसके बाद शाला प्रमुख द्वारा विद्यार्थी के आवेदन को परीक्षण कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 31 जनवरी 2024 तक जमा करेंगे।

बीआरसी में अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। अंगना मां शिक्षा की सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसीसी भवन फिंगेश्वर के ट्रेनिंग हाल में किया गया। जिसमें विकासखंड स्तर के प्रत्येक संकुल से एक सक्रिय महिला शिक्षक तथा संकुल समन्वयक उपस्थित थे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीआरसीसी श्री टिकेंद्र यदु फिंगेश्वर विशेष अतिथि प्रथम संस्था से निषाद सर उपस्थित थे। कार्यक्रम में यदु सर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में फिंगेश्वर ने अपनी विशेष पहचान बनाई है, यहां स्वप्रेरित शिक्षिकाओ द्वारा अधिक से अधिक स्मार्ट माता को जोड़ा गया, ताकि वे घर पर बच्चो के साथ गतिविधि कर बच्चो के सर्वांगीण विकास में सहयोगी हो। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चो का संपूर्ण विकास करना है वह भी माताओं के द्वारा। घर पर ही पारिवारिक वातावरण में आनंदमय माहौल में हो। प्रशिक्षण पर अंगना म शिक्षा के अब तक के सफर को विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं के द्वारा शून्य निवेश पर शुरुआत किया गया और इसमें माताओं को जोड़कर उनकी क्षमता वृद्धि कर उनकी सहभागिता प्राप्त किया गया। तृतीय चरण तक स्मार्ट माता का चयन कर उनका गठन कर उन्हे टेलीग्राम से जोड़ना ताकि वे गतिविधियों को आदान प्रदान कर सकें। चतुर्थ चरण में जनवरी से मार्च माह तक बच्चो के माताओं के साथ गतिविधि कराई जानी है जिसमे प्रत्येक माह एक एक गणित व भाषा की गतिविधि खेल खेल के माध्यम से होगी जिसमें अक्षरों को जोड़कर शब्द निर्माण, जोड़ने घटाने की सांक्रिया ,सम विषम की पहचान, करना बताया जायेगा। कार्यक्रम में सिर्फ कक्षा पहली व दूसरी के बच्चें व उनकी माताएं भाग लेंगी। ,25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया जायेगा जिसमें मेला का आयोजन कर नौ काउंटर बनाया जायेगा और इसमें आंगनबाड़ी,बालवाड़ी के बच्चो और माताओं को शामिल किया जायेगा ताकि वे बच्चे आने वाले सत्र में शाला प्रवेश के पूर्व की जानकारी प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण में प्रथम फाउंडेशन के प्रभारी श्री निषाद सर विस्तृत जानकारी दी। प्राथमिक शाला के एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण लेंगी ताकि आने वाले माह में की जाने वाली गतिविधियों का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण में स्मार्ट माता श्रीमती रेणुका साहू ,बिमला साहू,भुनेश्वरी साहू सरोजनी मंडल के साथ ब्लॉक नोडल सुश्री धनेश्वरी सिन्हा ,श्रीमती शशिकला भारद्वाज और संकुल नोडल टीचर और सभी संकुल समन्वयक के द्वारा गतिविधि कराकर बताया गया।

जिले के 175 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के पांचों विकासखंड के 336 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसका जिला स्तरीय शुभारंभ 16 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बारूका में किया गया। इसके उपरांत प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अब तक 175 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंच चुकी है। जिसके तहत हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। बता दे कि अब तक गरियाबंद विकासखण्ड के 35, छुरा के 40, फिंगेश्वर के 38, मैनपुर के 32 एवं देवभोग विकासखण्ड के 30 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें लगभग 1 लाख 86 हजार 261 नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए है और भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम जनमन योजना से पात्र व्यक्तियों को लभान्वित करें : कलेक्टर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज यहां समय-सीमा की बैठक में भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित हो रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि यह दोनों योजना और कार्यक्रम छत्तीसगढ़ एवं केन्द्र शासन की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होने कहा कि यह दोनों योजनाएं अलग-अलग है, लेकिन दोनो का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियान से जोड़ना है। उन्होने विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में बताया कि कि कबीरधाम जिले के सभी विकासखण्डों में में अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार की स्थिति में 208 शिविर का आयोजन हो चुके है जिसमें अब जिले के अब तक जिले के लगभग 77 हजार ग्रामीणजन षामिल हो चुके है। इस षिविर में भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंषन योजना, मृदा परीक्षण, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिषन सहित अन्य लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

इसके अलावा मौके टीवी, बीपी, सूगर, हाइपरटेन्शन, मौसमी बीमारियों के रोकथाम सहित अन्य बीमारियो का उपचार किया जार रहा है।

ठगी और चोरी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

बालोद/(नवप्रदेश)। सम्मोहन विधि का सहारा लेकर लोगों को अर्धचेतनावस्था में लाकर उनसे लाखों की ठगी करने वाले व्यक्ति को आखिरकार बालोद पुलिस की टीम ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध बालोद थाना में ठगी और चोरी के 4 प्रकरण दर्ज है। आरोपी किसी भी व्यक्ति को रिश्तेदार होना एवं झाड़फुंक कर घर बंधन का काम करना बताकर उसे अपने वश में करके ठगी और चोरी की घटना को अंजाम देता था। आरोपी के कब्जे से सोने चांदी के विभिन्न आभूषणों, मोटरसाइकिल के साथ नगदी रकम कुल जुमला 4,01,060 रुपये जब्त किया गया है। आरोपी ठगी की घटना को अंजाम देने अक्सर महिलाओं को ही निशाना बनाता था और उन्हें भ्रमित कर इस तरह की घटना को अंजाम देता था। कोतवाली पुलिस ने सोमवार को आरोपी नारायणदास बंजारे को उनके घर दानिटोला से गिरफ्तार कर न्यायीक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में झाड़फुंक के नाम हो रह ठगी एवं चोरी को देखते हुऐ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रतीक चतुर्वेदी, गीता वाद्यवानी व थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविषंकर पाण्डेय के द्वारा टीम बनाकर जिलेभर में जितने भी तंत्र मंत्र कर ठगे गये प्रकरण का अवलोकन कर प्रार्थी से संपर्क कर घटना के सबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आरोपी की खोजबीन करने विषेष टीम तैयार कर रवाना किया गया था जो टीम के द्वारा आरोपी की पतासाजी के दौरान विभिन्न जिलो के थानो में जाकर पूर्व इस प्रकार के अपराधिक रिकार्ड के आधार पर पतासाजी कि गई जो पतासाजी के दौरान पूर्व में धमतरी के ग्राम दानीटोला के रहने वाला नारायण दास बंजारे उर्फ मुकरी नामक व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की घटना करना आरोपी की पता तलाश कर आरोपी को पकड़ा गया।

विकसित भारत 2047 इनोवेट इंडिया पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 08.01.2024 को प्रभारी प्राचार्य प्रो.मोहित कुमार एवं नोडल अधिकारी प्रो. हितेषा नंद ठाकुर के निर्देषन में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता विशय - विजन विकसित भारत 2047 इनोवेट इंडिया के लिये विचार का आयोजन किया गया । कार्यक्रम प्रभारी प्रो.कविता नारंग, श्री हर्शद चंद्राकर और सुश्री षीबा खान के मार्गदर्षन पर कक्षा बीएस-सी भाग-1,2,3 के विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया और इनोवेट इंडिया के लिये अपना विचार व्यक्त किया ।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, किया निराकरण

कवर्धा/नवप्रदेश । कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

आज जनदर्शन में बोड़ला विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए हितग्राहियों के नाम जुड़वाने आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओं को जांच कर त्वरित निराकरण कर नियमानुसार लाभ दिलवाने निर्देशित किया। ग्राम सेमरिया निवासी श्री लालाराम ने ऋण पुस्तिका में नाम सुधरवाने आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को दस्तावेज के आधार पर नाम सुधारने कार्य करने निर्देशित किया। ग्राम घांघा निवासी पुल्लु सिंह, बीरसिंह, अंकलहा ने फर्द, हिस्सा, बंटवारा एवं खाता विभाजन के लिए आवेनदन दिया, ग्राम चंडालपुर निवासी रामप्रसाद मिश्रा ने स्वयं के जमीन पर कब्जा दिलाने आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

एक्सीडेंट कर फरार होने वाला आरोपी चालक कार के साथ गिरफ्तार

■ आरोपी को भेजा गया गंभीर धारा के तहत जेल

गंडई/नवप्रदेश। 5 जनवरी की शाम 06.30 बजे मोबाईल फोन से सूचना मिला कि एक सफेद रंग की कार एक्सीडेन्ट कर भाग रहा है एवं उसकी कार के निचे में एक व्यक्ति फसा हुआ है जिसे घसीटते हुये रेस्ट हाउस गंडई के सामने से आलिया शो रूम तक करीबन 01 किमी तक ले जाकर कुचलते हुये छोड कर कवर्धा की ओर भाग गया है कि सूचना पर आलिया शो रूम गंडई के पास जाकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति रोड पर खुन से लतपथ पडा हुआ था एवं उसके पैर का हड्डी टुटा हुआ था जिसे ईलाज के लिये सीएचसी गंडई ले जाया गया जहॉ डॉक्टर द्वारा चेअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया गया कि प्रार्थी की सूचना पर अज्ञात सफेद रंग का कार चालक के विरूद्ध अपराध क्र. 08/2024 धारा 304 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान अज्ञात मृतक के पता तलास हेतु आसपास के ग्रामों मुनादी कराया गया जिसमे पता चला कि दिनेश यादव पिता जानिक यादव उम्र 35 साल निवासी ग्राम झुरानदी थाना छुईखदान का होना पता चलने पर उसके परिजनो को बुलाकर मृतक के शव को पीएम पश्चात् कफन दफन हेतु दिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये '' श्रीमान पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश'' में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में तत्काल थाना एवं सायबर सेल जिला केसीजी का संयुक्त टीम तैयार कर सफेद रंग के अज्ञात कार एवं आरोपी की पता साजी हेतु नगर गंडई से छुईखदान खैरागढ़ एवं गंडई से लिमों बिरोडा सहसपुर लोहार के बीच 50 किमी की दूरी तक लगे हुये सभी सीसीटीव्ही कैमरो को खंघाला गया जिसके फुटेज के आधार पर बेलिनो कार क्र. सीजी 09 जेसी 4777 के द्वारा घटना दिनांक को रेस्ट हाउस गंडई के पास एक्सीडेन्ट कर मृतक के डेड बाडी को घसीटते हुये ले जाना दिखाई देने पर कार के नंबर के आधार पर कार मालिक/चालक का पता किया गया जिसमें सुरेश कोचर पिता स्व0 दीपचंद कोचर उम्र 73 साल निवासी वार्ड क्र. 23 महावीर चौक कबीरधाम का होना पाये जाने से उसके निवास स्थान में जाकर घेरा बंदी कर आरोपी कार चालक सुरेश कोचर पिता स्व0 दीपचंद कोचर उम्र 73 साल को उसकी कार क्र सीजी 09 जेसी 4777 के साथ पकडकर थाना लाकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा घटना दिनांक को उसकी कार से एक्सीडेन्ट होना स्वीकार किया गया ।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड बेमेतरा (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा सूचना ::

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में श्रेणी-डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम - बेमेतरा जिले के अंतर्गत विकासखंड बेमेतरा, नवागढ़, साजा एवं बेरला के विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 120 मीटर गहरे नलकूप खनन कर हैण्डपम्प स्थापना का कार्य दिये गये शेड्यूल अनुसार।

स. क्र.	सिस्टम नम्बर	निविदा सू.क्र.	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत
1	151109	214	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 10 nos Nos. Tube well At villages (Jewari, Kathautiya, Devgaon, Munarbod, Fari) in block Bemetara, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	11.80
2	151110	215	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 11 nos. Tube well At villages. (Otebandh, Newaspur, Chamari, Bhothidih, Nawagaon, Padakidih) in block Bemetara, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	12.98
3	151111	216	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 11 nos Nos. Tube well At villages (Chicholi, Ghatholi, Akoli, Tohadi, Manpur, Deori) in block Nawagarh, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	12.98
4	151112	217	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 11 nos Nos. Tube well At villages (Hardi, Tilaipar, Mungway, Salheghori, Gidhwa, Kirta) in block Nawagarh, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	12.98
5	151113	218	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 11 nos Nos. Tube well At villages (Badnara, Murta, Ghontha, Kaudiya, Dudhiya, Kunwa) in block Nawagarh, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	12.98
6	151114	219	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 10 nos Nos. Tube well At villages (Somaikhurd, Kongiyakala, Somaikala, Bendarchuwa, Mohtara) in block Saja, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	11.80
7	151115	220	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 9 nos Nos. Tube well at villages. (Kopedabari, Parasbod, Sahaspur, Rano, Ghotwani, Ruse, Bargada) in block Saja, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	10.62
8	151116	221	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 10 nos Nos. Tube well At villages. (Bijagond, Navkesh, Sohagpur, Odiya, Chechanmeta, Tiriyabhat, Nawagaongahira, Gadadih, Patarjhori, Shyampurkampa) in block Saja, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	11.80
9	151117	222	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 10 nos Nos. Tube well At villages (Borsi, Mudpar, Mudparkhurd, Bhilauri, Ufara) in block Berla, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	11.80
10	151118	223	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 12 nos Nos. Tube well At villages.(Sinwar, Atarghadhi, Singdehi, Pahanda, Gondgiri, Gudheli) in block Berla, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	14.16
11	151119	224	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 12 nos Nos. Tube well At villages. (Lawatara L, Hadgaon, Bahinga, Baherghat, Danganiya B, Keshdabari) in block Berla, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	14.16
12	151120	225	Drilling of 150 mm dia, 120 mtr depth, 12 nos Nos. Tube well At villages. (Sarda, Bhedni, Khisora, Patora, Lenjwara, Sorla, Parpoda, Silghat P, Kusmi) in block Berla, Under Jal Jeevan Mission in District Bemetara	14.16

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 09.01.2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 12.01.2024

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 09.01.2024 से देखे जा सकते हैं।

जी - 06979/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

घर-घर जाकर दिया जा रहा अक्षत आमंत्रण

किरन्दुल/नवप्रदेश। श्री राम मंदिर तीर्थ स्थल अयोध्या धाम में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा दिनांक 22 जनवरी 2024 को सम्पन्न होगी।इस समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक भारतवासी को आमंत्रित करने पवित्र अक्षत कलश भेजा गया हैं।जिस अक्षत आमंत्रण पत्रक लेकर वार्ड क्रमांक 15 की मातृशक्तियो ने सोमवार को किरन्दुल एनएमडीसी टाउनशिप एरिया में स्थित सभी घरों में जाकर जीवन में एक बार अयोध्या की दर्शन हेतु जाने आमंत्रित कर रहे हैं।

बीजेपी नेता की हत्या पर आप पार्टी ने की निन्दा

पखांजुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के जिला संयुक्त सचिव ऋषिकेश मजूमदार ने पखांजुर में भाजपा नेता की हुई हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलवाने की मांग की।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुगबुगाहट है कि श्री राय की हत्या राजनीतिक षड्यंत्र का नतीजा है अगर ऐसा है तो यह घटना राजनीतिक मूल्यों के पतन की ओर इशारा है।पखांजुर क्षेत्र में पहले भी विभिन्न पार्टी पदाधिकारियों की हत्या हो चुकी है इस से स्पष्ट है कि प्रशासन ने उन घटनाओं से कोई सबक नही लिया इसीलिए हत्यारे बेखौफ हत्या की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऋषिकेश मजूमदार जी ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि अशीम राय के हत्यारों को जल्द पकड़ कर उनके अंजाम तक पहुँचाये।उन्होंने कहा कि अशीम रॉय कि हत्या पखांजुर क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत बड़ा सदमा है,उनके नही रहने से कांकेर जिले की राजनीति में जो शून्यता आई है उसे भर पाना सम्भव नही है। इस दुखद घड़ी में आम आदमी पार्टी असम राय जी के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और पुनः शासन प्रशासन से आगरा करते हैं इस प्रकार की घटना आगे और ना हो इसीलिए जल्द से जल्द दोषियों को पड़कर उचित कार्रवाई किया जाए।

सेजेस पेंड्रा में बाल मेला आयोजित

गौरेला/ पेंड्रा/ मरवाही/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा में शनिवार को बाल मेला आयोजित किया गया। बाल मेले में हाऊस वाइस छात्रों ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों एवं पकवानों का स्टॉल लगाकर अपने-अपने समानों को बेचकर व्यावसायिक अनुभव प्राप्त किया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष श्री राकेश जालान और पूरन छाबरिया शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर बाल मेला का शुभारंभ किया। संस्था के प्राचार्य एलपी डाहिरे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। बाल मेले में छात्रों ने हर्षोल्लास से भाग लिया।

अकलेक्टर ने बनवाया वृद्धा का अंत्योदय कार्ड

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान से उनके कार्यालय में जनदर्शन के दौरान बिलाईगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत पेंड्रावन की बुजुर्ग

श्याम बाई ने अपनी राशन समस्या को बताई। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य अधिकारी द्वारा पूर्ववर्ती कार्ड को निरस्त कर अंत्योदय कार्ड बनाया गया। श्रीमती श्याम बाई और उनके साथ आई उनकी सहेली ने तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड बनने पर खुशी जाहिर की। कलेक्टर श्री चौहान का पदभार ग्रहण के बाद पहला जनदर्शन कार्यक्रम है।

सुतिउरकुली में मनाई राजिम माता की जयंती

भटगाव/नवप्रदेश। परिक्षेत्र साहू संघ के आव्हान पर मां राजिम की पूजा -याचना करके ग्राम नवापारा से पण्डरीपानी तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। माँ राजिम की तपस्या, त्याग, साहस, और सद्भावना की संदेश को जन- जन पहुँचाया। परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रहलाद साहू ने कहा कि समाज की बुराइयां व रूढ़िवादी परंपरा को दूर कर भाई-चारा सद्भावना रखते हुए समाज को आगे बढ़ाएं, विधवा मां को भी आपके बेटा- बेटी की शादी में मौर- सौंपने देने की अपील की। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने कहा। इस मौके पर परिक्षेत्र उपाध्यक्ष चंड्रेस साहू, सचिव माधो साहू कोषाध्यक्ष दिलचंद साहू कार्यकारिणी अध्यक्ष कमलेश साहू,यूवा साहू सेवा संघ अध्यक्ष लखन साहू प्रकाश साहू, ग्राम अध्यक्ष सदानंद साहू, सुंदर लाल साहू, आनंद राम साहू सखन लाल साहू हीरा साहू गुलशन साहू और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद

कोंडागांव/नवप्रदेश। अंगना म शिक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न स्तरों पर क्षमता विकास के लिये प्रशिक्षण का आयोजन पंचायत संसाधन केंद्र माकड़ी में बीआरसी ताहीर खां एबीईओ श्री राम तारम, मण्डल संयोजक केशव मंडावी के उपस्थिति में सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री ताहिर खान,श्री राम तारम ,ऋषि नागवन्शी ने संयुक्त रुप से संबोधित करते कहा जिस उद्देश्य से यह कार्यक्रम संचालित है उसके अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त कर माताओं को उन्मुखीकरण कर बच्चों को सिखने हेतु अवसर प्रदान करे।जिसमें स्थानीय बोली,परिवेश, दिन चर्चा को सम्मिलित कर सीखने की निरंतरता बनाये रखना प्रमुख है।तो वंही श्रीमती तानूजा कांगे,श्रीमती लीना नागवन्शी,श्रीमती ऊषा कोमर्रा के द्वारा भाषायी कौशल,गणितिया कौशल के विकास हेतु अलग अलग? दो दो गतिविधि करने हेतु सिखाया गया जिसमें आवाजों की गतिविधि व पहचान,रिंग फसाओ गतिविधि,आओ बंडल बनाये इकाई दहाई को पहचानना,कुर्सी दौड़,अक्षर कार्ड के माध्यम सेअक्षर बनाना,गोठा संग गणित गतिविधि और स्थानीय स्तर पर? सहजता से उपलब्ध हो सके ऐसी वस्तुओं के माध्यम से बताया गया ।

इस दौरान राम देव कौशिक,अमिताभ मिश्रा,नितेश शर्मा,श्योम लाल सोरी,सुकलाल सूर्यवंशी, महेश पटेल ,हेमप्रकाश सोरी, निर्मला नाग अनिता नेताम,महेश्वरी नेवेन्द्रा हेमलता साहू नदनी पोर्ते,इन्द्रा साहू श्रवण नाग दीपा जैन ममता चौहान बुधरु मण्डावी भेदराम मानकर सहित समस्त संकुल समन्वयक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

संकुल स्तरीय स्पर्धा के विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत

भाटापारा/नवप्रदेश। संकुल केंद्र सिंगारपुर में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके समापन समारोह में खेल स्पर्धा के विजेताओं को विधायक इन्द्र साव ने पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन संकुल शैक्षिक समन्वयक वीरेन्द्र कुमार बंजारे, संकुल प्राचार्य संजय तिवारी एवं संकुल केंद्र सिंगारपुर अधीनस्थ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ रामजी पाल, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक लेखराम साहू ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती शांति दीन दयाल साहू , शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कनक मनहरे, डॉ. गोपाल साहू एवं सिंगारपुर क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती शारदा गोलू गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। संकुल के अधीनस्थ शासकीय प्राथमिक, शासकीय उच्च प्राथमिक , एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 1 से 12 वीं तक के छात्रों ने विभिन्न पारंपरिक खेल फुगड़ी, कुर्सी दौड़, खो खो, कबड्डी, बोरा दौड़, त्रिटंगी दौड़, रस्सी दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद,100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ में भाग लिया। सेवानिवृत शिक्षक ललित कुमार यादव का सम्मान किया गया। बच्चों ने पंथ, सुवा, कर्मा, सरगुजिया, बस्तरिया आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव थे। उन्होंने खेल में विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ शारीरिक मानसिक विकास के लिए खेल को जरूरी बताया। विद्यालय के विकास और शौचालय निर्माण के लिए तीन लाख रुपए और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मंच निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य/ समन्वयक संजय तिवारी ने की। वीरेन्द्र कुमार बंजारे विशेष अतिथि डीईओ बी.एल. देवांगन ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा में कसावट लाने की बात कही।

ये रहे उपस्थित-छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय , सहा जिला परियोजना समन्वयक जहीर अब्बास , विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक लेखराम साहू , तेजराम वर्मा संकुल शैक्षिक समन्वयक रामसागर पारा, लोचन नेताम संकुल शैक्षिक समन्वयक खोखली, मुकेश कुमार देवांगन संकुल शैक्षिक समन्वयक पंचम दीवान, सालिक राम साहू संकुल शैक्षिक समन्वयक इतवारीराम यादव, ओमप्रकाश ध्रुव संकुल शैक्षिक समन्वयक खपरी एवं संकुल अधीनस्थ शिक्षक बालक दास साहू , दुखितराम साहू ,श्रीमती सीमा साहू , संतोष कुमार वर्मा, शेखर कुमार वर्मा, श्रीमती गीता ध्रुव, श्रीमती ललिता वर्मा, चेतेन्द्र कुमार साहू, ढालेंद्र साहू, नीलकंठ वर्मा, रामनारायण पटेल, विवेक कटकवार, श्रीमती सीमा साहू, श्रीमती अमृता अग्रवाल, श्रीमती डॉली साहू, श्रीमती उर्मिला टंडन, श्रीमती मंजू बंजारे, श्रीमती किरण वर्मा, श्रीमती उपासना शर्मा, श्रीमती सरिता ध्रुव, श्रीमती सरिता पात्रे, श्रीमती यूनेश्वरी ध्रुव, श्रीमती पूनम वर्मा, श्रीमती देवयानी कटकवार, श्रीमती अभिलाषा दान, श्रीमती भारती नाग, श्रीमती शालिनी तिवारी, श्रीमती रेखा टंडन, श्रीमती सुनीता श्याम, श्रीमती सीमा वर्मा, रामप्रताप निषाद, प्रमोद सोनी, लोकराम ध्रुव, गणेश साहू, अश्वनी वर्मा, जगदीश साहू, केदार नाथ जायसवाल, खेलावन साहू, हेमंत साहू, यादराम यादव, रूपेश कुमार मारकंडे आदि उपस्थित थे।

किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसो. के नए भवन का लोकार्पण

■ **पद्मनाथ नाईक मुख्य महाप्रबंधक एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के हाथों किया गया लोकार्पण।**

किरन्दुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरंदुल में एनएमडीसी किरंदुल दंतेवाड़ा क्षेत्र में कार्यरत ठेकेदारो का संगठन किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के नए भवन का लोकार्पण एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक किरंदुल कंपलेक्स पद्मनाथ नाईक, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक वर्क किशन आहूजा , एएमएनएस महाप्रबंधक वाई वी राघबेलू, एनएमडीसी उप महाप्रबंधक सिविल टी एस रामनाथ ,पर्सनल हेड बीके माधव की उपस्थिति में किया गया इस कार्यक्रम में एनएमडीसी परिसर में कार्यरत किरंदुल बचेली नकुलनार दंतेवाड़ा के अनेक ठेकेदार शामिल हुए कॉन्टैक्टर एशोसिएश के सचिव बिप्लव मल्लिक ने कहा है कि आज हमारे किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्यों के लिए गर्व की बात है

कि आज हमें अपना खुद का भवन मिला है जिसमें हम हमारे संगठन को अच्छे से संचालित कर सकेंगे हमारे ठेकेदार साथी विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं और समाज के हर दुख सुख में हर वर्ग के साथ खड़े रहते हैं हमारे ठेकेदार साथियों के हर मौके पर संघठन उनके साथ है कार्यक्रम में के ए पापाचंद, सुरेंद्र नायर ,हरिशंकर मुखर्जी, आर सी प्रसाद ,विजय सोढ़ी,नागेश ,बाबूराव,शरद मिश्रा,अमरीक सिंह,जोविंस पापाचंद,नवीन राय,निताई पाल,आदि अनेक ठेकेदार उपस्थित थे ।

जरूरतमंदो को मिलना चाहिए शासन की योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

कोंडागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनता द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर जनचौपाल, पीजीएन पोर्टल, ई-समाधान, मावा कोंडानार और संपर्क केन्द्र के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन आवेदनों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ तत्परतापूर्वक किया जाए। उन्होंने शिकायतों पर जांच की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, धान खरीदी, सड़क निर्माण, राजस्व कार्य सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण-कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके उद्देश्य को सार्थक करते हुए जिले के अंतिम ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को

पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों में निर्धारित योजनाओं के अतिरिक्त अन्य योजनाओं के तहत लाभान्वित करने के लिए भी लोगों से आवेदन लिए जाएं। सभी शिविरों में संबंधित विभाग के अधिकारी अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहें। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में बैंक अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना से अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने इन बीमा योजना के तहत भुगतान दावों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्जवला योजना के तहत भी अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान करने को कहा।

धान के अंतरराज्यीय परिवहन पर करें कड़ी कार्यवाही-कलेक्टर ने धान खरीदी के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन खरीदी केन्द्र में उपस्थित रहने के साथ ही साप्ताहिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी हेतु बारदानों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और उठाव का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में जमाव की स्थिति नहीं निर्मित होने तथा धान के अंतरराज्यीय परिवहन पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने शत प्रतिशत राशन उपभोक्ताओं के ई-केवायसी का कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दो वर्षों की विलंबित धान बोनस राशि के भुगतान के संबंध में जानकारी ली और तकनीकी कारणों से भुगतान से वंचित हितग्राहियों को भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन सड़कों के प्रगति की समीक्षा करते हुए तेजी से सड़कों के निर्माण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने केशकाल सड़क नवीनीकरण कार्य के निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूरी करने तथा केशकाल बायपास निर्माण में लगातार विलंब कर रहे ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

एनसीसी दिवस पर सेजेस पेंड्रा में कार्यक्रम

गौरेला/ पेंड्रा/ मरवाही/नवप्रदेश। एनसीसी दिवस पर आज स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री जालान ने ध्वजारोहण के बाद माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद एनसीसी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट, सर्जिकल स्ट्राइक, फायर फाईटिंग एवं

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ऐरोबिक सांग प्रस्तुत किया गया। सभी कैडेटों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों ने बच्चों को उत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य एच.एन. सोनी एवम एन. एन. तिवारी, हर्ष छाबरिया, रावेन्द्र शुक्ला, संस्था के प्राचार्य एल.पी.डाहिरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता बी.एल. पात्रे ने किया गया। एनसीसी अधिकारी डीआर भार्गव ने आभार प्रकट किया।

6 माह की बच्ची की क्रॉस फायरिंग से हुई मौत की न्यायिक जांच हो-विक्रम मंडावी

■ **प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े है- विक्रम मंडावी**

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर के विधायक श्री विक्रम मण्डावी ने मंगलवार को बीजापुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 01 जनवरी 2024 की शाम लगभग 04:00 बजे बीजापुर जिले के थाना गंगालूर अंतर्गत ग्राम मुतवेंडी में क्रॉस फायरिंग में एक 6 माह की बच्ची और उसकी माँ को गोली लगने से 6 माह की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी मॉ घायल हो गई। इस घटना को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद

माननीय श्री दीपक बैज ने एक पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया था। जांच दल में श्री विक्रम मण्डावी विधायक बीजापुर, श्रीमती नीना रावतिया उद्दे सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, श्री शंकर कुडियम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, श्री बसंतराव ताटी सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, श्री मिच्चा मुत्तैया उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भोपालपटनम् एवं श्री लालू राठौर, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर आदि शामिल थे। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि जांच दल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 08 जनवरी 2024 को बीजापुर से गंगालूर होते हुए ग्राम मुतवेंडी के लिए रवाना हुई, इस दौरान कई जगह सुरक्षा बलों ने जांच दल को मुतवेंडी जाने से रोका। जांच दल के संयोजक विधायक श्री विक्रम मण्डावी ने आगे कहा जांच दल गंगालूर से कावडगांव पंहुची और मुतवेंडी गांव के ग्रामीणों से कावडगांव के पास मिलकर चर्चा की। चर्चा के दौरान मुतवेंडी के ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी के पांच सदस्यीय जांच दल को चश्मदीदों ने घटना के बारे में विस्तार से बताया और ग्रामीणों ने जांच दल के सामने मांग किया कि इस पूरे घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्यवाही हो।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक श्री विक्रम मण्डावी ने कहा जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारी बनी है तब से आदिवासियों पर लगातर अत्याचार बढे हैं।

कर्मचारी फेडरेशन ने किया नवपदस्थ कलेक्टर का स्वागत

बीजापुर/नवप्रदेश। कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन बीजापुर के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि दिनाँक 08.01.2024 को फेडरेशन के जिला संयोजक के डी राय ,अध्यक्ष मो जाकिर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमान अनुराग पाण्डेय का स्वागत सत्कार कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन जिला ईकाई बीजापुर के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। सौजन्य भेंट मे कलेक्टर महोदय द्वारा सभी का कुशलक्षेम पूछा वा मिलकर सहयोग की भावना से काम करने को कहा।संगठन के द्वारा परामर्श दात्री समिति की बैठक कराने हेतु निवेदन किया गया जिस पर उन्होने जल्द बैठक कर कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल मे लिपिक संघ के राजेन्द्र पसपुल,व्याख्याता संघ के अजय गुरला,सहायक शिक्षक फेडेरेशन महेश शेट्टी वा राजेश मिश्रा,वाहन चालक संघ के महेश देवांगन,छ्ग शिक्षक संघ के नरेन्द्र शोरी,शिव समरथ,वन कर्मचारी संघ के लोकेश रेड्डी सहित छ्ग शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधि शामिल थे।

सुनीता जायसवाल को मिला शिक्षादूत सम्मान

■ **कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के हाथों हुईं सम्मानित**

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत जिला बलौदा बाजार भाटापारा के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का सम्मान शिक्षा दूत और ज्ञानदीप पुरस्कार समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित मांगलिक भवन सिविल लाइन में 8 जनवरी को किया गया। जिसमें नवाचारी शिक्षकों के रचनात्मक कार्यों के लिए जिले के 18 शिक्षकों का शिक्षदूत और ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें शिक्षा दूत के लिए 15 और ज्ञानदीप के तीन शिक्षक शामिल हैं शिक्षा दूत के लिए सम्मानित शिक्षकों को 5 हजार प्रोत्साहित राशि सहित प्रतीक चिन्ह, श्रीफल और साल भेंट की गई, इसी तरह ज्ञान दीप के लिए सम्मानित शिक्षकों को 7 हजार की राशि व प्रतीक चिन्ह श्रीफल व साल भेंट की गई। सम्मानित शिक्षकों में सुनीता जायसवाल सहायक शिक्षक एल बी शासकीय प्राथमिक शाला बैगनडबरी, शालिनी कश्यप सहायक शिक्षक एल बी शासकीय प्राथमिक शाला रवान,सीमा जायसवाल सहायक शिक्षक एल बी शासकीय प्राथमिक शाला डोटोपार, विजय सिंह प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला भालू कोना, भुवनेश्वर प्रसाद चंद्र

सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला महुआ भाठा, तेजनाथ साहू सहायक शिक्षक एल बी शासकीय प्राथमिक शाला गिरौधपुरी, घनश्याम प्रसाद वर्मा सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला क्षणिया, संध्या पैकरा सहायक शिक्षक एल बी शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट, नानसेंन कुर्रे सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला बिनोरी, क्षीप्रा अग्रवाल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला सुमा, मेघा वर्मा सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला टिकुलिया ,पीयूष रामपुरिक सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह, प्रणिता वर्मा प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बीनेका ,संजू राम निर्मलकर सहायक शिक्षक एल बी शासकीय प्राथमिक शाला नेवधा, परमानंद साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला हरिन भट्ठाइस, इसी तरह ज्ञानदीप पुरस्कार हेतु कुसुम बागडे शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगमुडा, हेमकुमार देवांगन शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी रमा शंकर साहू शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैगनडबरी,

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ,विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार साहू ,समाजसेवी विजय केसरवानी नरेश, केसरवानी और शिक्षाविद् खोडास कश्यप उपस्थित रहे। मंत्री टैंक राम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की संस्कृति और संस्कार को बचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी आज शिक्षकों पर है राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका और योगदान को रेखांकित किया है उन्होंने कहा हम जिस भी पद में रहे हमें अपनी पूरी लगन और मेहनत से काम करना चाहिए हमारे काम से किसी एक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आ जाए तो वही धर्म है और यदि हमारे काम से किसी व्यक्ति के आंखों में आंसू आ जाए तो वही अधर्म है ।

26 खिलाड़ियों को अर्जुन, 5 कोच को मिला द्रोणाचार्य पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में मंगलवार 9 जनवरी को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए गए। इसमें 5 कोच को द्रोणाचार्य तो 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। 3 लोगों को लाइफ टाइम सम्मान से नवाजा गया। सबसे पहले कोच को द्रोणाचार्य, फिर लाइफ टाइम और इसके बाद खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले फास्ट बॉलर मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया गया। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। यह जोड़ी फिलहाल मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेल रही है, इसलिए सेरेमनी में शामिल नहीं हुई।

2023 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता इस प्रकार हैं

खेल रत्न पुरस्कार : चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (बैडमिंटन).

अर्जुन पुरस्कार : ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), मोहम्मद शमी (क्रिकेट), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बॉल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (निशानेबाजी), ईशा सिंह (निशानेबाजी), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वाश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजय कुमार रेड्डी (दृष्टिबाधित क्रिकेट), प्राची यादव (पैरा कैनोइंग).

द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी)

ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज), महावीर प्रसाद सैनी (पैरा एथलेटिक्स), शिवेंद्र सिंह (हॉकी), गणेश प्रभाकर देवरुखकर (मल्लखंभ).

उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवन पर्यंत श्रेणी)

जसकीरत सिंह ग्रेवाल (गोल्फ), भास्करन ई (कबड्डी), जयंत कुमार पुशीलाल (टेबल टेनिस).

ध्यानचंद पुरस्कार

मंजूषा कंवर (बैडमिंटन), विनीत कुमार शर्मा (हॉकी), कविता सेल्वराज (कबड्डी).

मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (समग्र विजेता विश्वविद्यालय), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (प्रथम रनर अप), कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र (द्वितीय रनर अप).

क्रिकेट बोर्ड ने मुजीब, फजल, नवीन पर लगा प्रतिबंध हटाया

काबुल। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीन राष्ट्रीय खिलाड़ियों मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी और नवीन उल हक पर पहले लगाए गए प्रतिबंधों को संशोधित कर दिया है, क्योंकि खिलाड़ियों ने नरम रुख अपनाया और केंद्रीय अनुबंध कबूल करने की इच्छा जताई।एसीबी ने कहा कि उसने गहन जांच के बाद खिलाड़ियों को अंतिम चेतावनी जारी करने और उनका वेतन काटने का फैसला किया।बोर्ड ने एक बयान में बताया कि संशोधित प्रतिबंध अब इन खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त करने और राष्ट्रीय कर्तव्यों और एसीबी के हितों के प्रति उनकी पूर्ण प्रतिबद्धता सुनिश्चित करते हुए फ्रेंचाइजी लीग में भाग लेने की अनुमति देंगे।खिलाड़ियों के एसीबी के पास बिना शर्त संपर्क करने और फिर से देश का प्रतिनिधित्व करने की तीव्र इच्छा जताने पर एसीबी ने एक व्यापक जांच शुरू की।एसीबी के बयान में कहा गया है, हालिया घटनाक्रम के आलोक में खिलाड़ियों के शुरुआती रुख का मूल्यांकन करने और राष्ट्रीय टीम में उनके रहने के महत्व को स्वीकार करने के बाद नियुक्ति समिति ने बोर्ड को अपनी अंतिम सिफारिशें बताईं।बयान में कहा गया है, एक अंतिम चेतावनी और वेतन कटौतीः प्रत्येक खिलाड़ी को एक अंतिम लिखित चेतावनी मिलेगी।

दक्षिण अफ्रीका को नए साल की शुरुआत में दूसरा बड़ा झटका

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। वह वनडे और टी-20 खेलना जारी रखेंगे। नए साल की शुरुआत में यह दक्षिण अफ्रीका के लिए दूसरा बड़ा झटका है। इससे पहले, पिछले हफ्ते केपटाउन में भारत के खिलाफ डीन एल्गर ने अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेला। हेनरिक ने 85 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले जहां उन्होंने 46.09 की औसत से 5347 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और सीएसए 4-डे सीरीज़ में मोमेंटम मल्टीप्लाई टाइटन्स के लिए 292 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है।

हेनरिक ने रिटायरमेंट की घोषणा इंस्टाग्राम पर की। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, मैंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। मैं इस फॉर्मेट से प्यार करता हूं। इससे रिटायरमेंट लेना आसान नहीं था। मैं कई रात सो नहीं पाया। इस पर काफी सोच-विचार करने के बाद मैंने संन्यास लेने की घोषणा की है।मैंने मैदान के अंदर और बाहर कई चीजों का सामना किया। जिसने मुझे क्रिकेटर बनाया है। टेस्ट खेलना शानदार रहा और मुझे खुशी है कि मैं देश का प्रतिनिधित्व कर सका। दक्षिण अफ्रीका को इस साल सात और टेस्ट खेलने हैं, लेकिन, क्लासेन अब वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक एनोक नकेवे ने कहा, हेनरिक जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी को लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर जाते देखना कठिन है, लेकिन हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं। हम उन्हें सफेद गेंद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी को लेकर अनिश्चित हैं बेयरस्टो

नई दिल्ली। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि उन्हें अभी तक पता नहीं है कि वह भारत में 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान टीम के लिए कीपिंग ग्लव्स पहनेंगे या नहीं।आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों के लिए 2023 टेस्ट होम समर में बेयरस्टो इंग्लैंड के प्राथमिक विकेटकीपर-बल्लेबाज थे।

शुरुआत में उन्होंने कुछ गलतियाँ कीं, लेकिन एशेज का अंत 23 कैच और एक स्टंपिंग के साथ हुआ।इंग्लैंड ने भारत के टेस्ट दौरे के लिए और साथ ही अबू धाबी में आगामी तैयारी शिविर के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज बेन फॉक्स को 16 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया था। फोक्स को 2021 दौरे में भारतीय पिचों पर तीन मैचों के दौरान अपनी बेदाग विकेटकीपिंग के लिए व्यापक प्रशंसा मिली थी।बेयरस्टो ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की है, जब तक मैं वहां हूं, जब तक मैं फिट हूं और काम कर रहा हूं, चयन के फैसले मेरे हाथ से निकल जाएंगे। लेकिन देखिए, मैं इस बात से काफी खुश हूं कि मैं यहां हूं, चाहे मैं कीपिंग कर रहा हूं, बल्लेबाजी कर रहा हूं या कुछ भी कर रहा हूं।इंग्लैंड के 2021 के भारत दौरे के दौरान बेयरस्टो ने चार पारियों में तीन शून्य बनाए। चेन्नई में पहले दो मैचों से आराम मिलने के बाद उन्होंने श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की स्पिन-अनुकूल पिचों पर खेले। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंग्लैंड भारतीय पिचों पर अपनी अति आक्रामक शैली के अनुसार ढलने और खेलने की चुनौती के लिए तैयार रहेगा।भारत अलग-अलग पिचें बना सकता हैः उसे टर्न करने की ज़रूरत नहीं है। हमने देखा है कि हाल ही में उनका सीम आक्रमण कितना शक्तिशाली रहा है। देखिए, मुझे यकीन है कि पिचें टर्न होंगीः यह पहले दिन से टर्न होगा या नहीं, यह महत्वपूर्ण है , जो संभावित रूप से उनके सीम आक्रमण में उनकी ताकत को थोड़ा कम कर देता है। हम जानते हैं कि वे कितने मजबूत हैं।बज़बॉल के बारे में बहुत सारी बातें हो रही हैं और संभवतः इसका अधिकांश हिस्सा आप लोगों (मीडिया में) से आया है। देखिए, यह क्रिकेट खेलने का एक सकारात्मक तरीका है। यह एक ऐसा तरीका है जिससे हम लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश कर रहे हैं देख रहे हैं। भारत में, हम जानते हैं कि परिस्थितियाँ थोड़ी अलग होने वाली हैंः यह एक मामला होगा, क्या हम परिस्थितियों के अनुसार जल्दी और अच्छी तरह से अनुकूलन कर सकते हैं, और उपयुक्त रूप से खेल सकते हैं?

बेयरस्टो पैर की गंभीर चोट के कारण 2022 की अधिकांश क्रिकेट गतिविधियों से चूक गए थे, जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी और 2023 के मध्य में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी की। उन्होंने खुलासा किया कि भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में इंग्लैंड के बाहर होने के बाद का समय पैर को सही करने के लिए समर्पित था। मैं अपने टखने को ठीक कर रहा हूं, बस जिम में कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं, दोस्तों और परिवार के साथ मिल रहा हूं।

बिजनेस

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा फर्जी कंपनियां, GST चोरी में दिल्ली शीर्ष पर

मुंबई। जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में सबसे ज्यादा फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ महाराष्ट्र में हुआ और सबसे ज्यादा जीएसटी चोरी दिल्ली में हुई। तिमाही के लिए, 12,036 करोड़ रुपये की संदिग्ध आईटीसी चोरी में शामिल 4,153 फर्जी कंपनियों का पता चला, जिनमें केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों द्वारा 2,358 फर्जी कंपनियां भी शामिल थीं। इस कार्रवाई से 1,317 करोड़ रुपये का राजस्व बचाने में मदद मिली, जिसमें आईटीसी को अवरुद्ध करके 997 करोड़ रुपये और 319 करोड़ रुपये की वसूली और 41 लोगों की गिरफ्तारी शामिल है। 4,153 फर्जी फर्मों में से, 926 के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर है, इसके बाद राजस्थान (507), दिल्ली (483), उत्तर प्रदेश (443), हरियाणा (424), कर्नाटक (223), तमिलनाडु (185), गुजरात (178) हैं।

ओडिशा (138), पश्चिम बंगाल (126), और तेलंगाना (117)। 12,036 करोड़ रुपये की आईटीसी चोरी में से सबसे अधिक रकम दिल्ली (3,028 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (2,201 करोड़ रुपये), उत्तर प्रदेश (1,645 करोड़ रुपये), आंध्र प्रदेश (756 करोड़ रुपये), हरियाणा (624 करोड़ रुपये) से थी।), तेलंगाना (536 करोड़ रुपये), तमिलनाडु (494 करोड़ रुपये), गुजरात (445 करोड़ रुपये), कर्नाटक (397 करोड़ रुपये), पश्चिम बंगाल (343 करोड़ रुपये), ओडिशा (337 करोड़ रुपये), राजस्थान (197 करोड़ रुपये) करोड़), मध्य प्रदेश (158 करोड़ रुपये), केरल (152 करोड़), बिहार (148 करोड़), असम (116 करोड़ रुपये), और झारखंड (110 करोड़)। अधिकारियों के अनुसार, अन्य भारतीय राज्यों में फर्जी फर्मों की संख्या कम थी और जीएसटी चोरी भी कम मात्रा में पकड़ी गई थी। गिरफ्तारियों के मामले में भी महाराष्ट्र और दिल्ली सबसे ऊपर हैं 11 प्रत्येक साथ ही उत्तर प्रदेश से 5, गुजरात और हरियाणा से 3-3, कर्नाटक 2, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ से 1-1, कुल मिलाकर 41। जहां तक 1,317 करोड़ रुपये (कुल 12,036 करोड़ रुपये में से) की वसूली का सवाल है, सबसे ज्यादा रकम तमिलनाडु (374 करोड़ रुपये), तेलंगाना (235 करोड़ रुपये), महाराष्ट्र (102 करोड़ रुपये) के अलावा छोटे शहरों से निकाली गई।

मेरे लिए कन्नड़ में गाना म्यूजिकल हैप्पी प्लेस है : अरमान मलिक

बोल दो ना जरा, नैना और बेसब्रियां जैसे गानों के लिए जाने जाने वाले सिंगर-सॉन्गराइटर अरमान मलिक ने फिल्म ओंदु सरला प्रेमा काथे के कन्नड़ गाने निन्यारेले के साथ 2024 की शुरुआत की है। सिंगर ने साझा किया कि उन्हें इस भाषा में गाने में आराम मिलता है। उन्होंने इसे अपना म्यूजिकल हैप्पी प्लेस बताया। निन्यारेले एक रोमांटिक सॉन्ग है। इस गाने को लेकर अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए, अरमान मलिक ने कहाः यह मेरी म्यूजिकल खुशी की जगह है। बहुत उत्साहित हूं कि इस साल मेरा पहला ट्रैक निन्यारेले कन्नड़ में है। इस नए गाने की रिलीज मेरे लिए स्पेशल महत्व रखती है क्योंकि यह एक्टर विनय राजकुमार के साथ पुरानी यादों को ताजा करने का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा, हमारा सहयोग 2015 में फिल्म सिद्धार्थ से शुरू हुआ, जहां मैंने उनके साथ कन्नड़ इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी। यह गीत न केवल हमारी साझा यात्रा को दर्शाता है बल्कि हमारे पहले प्रोजेक्ट के बाद से विकास और कलात्मक विकास को भी दर्शाता है।

इंटेल ने की गेमिंग लैपटॉप के लिए नए 14वीं जेन के मोबाइल व डेस्कटॉप प्रोसेसर की घोषणा

लास वेगास। उचिप निर्माता इंटेल ने अपने फुल 14वीं जेन के मोबाइल और डेस्कटॉप प्रोसेसर की घोषणा की है जो आने वाले कुछ गेमिंग लैपटॉप को पावर देगा। यहां फ्लैगशिप 'सीईएस 2024' में अनावरण किए गए नए मोबाइल और डेस्कटॉप प्रोसेसर लाइनअप में पावरफुल नए एचएक्स-सीरीज मोबाइल प्रोसेसर और मेनस्ट्रीम 65-वाट और 35-वाट डेस्कटॉप प्रोसेसर शामिल हैं।इसके अलावा, इंटेल ने मेनस्ट्रीम के पतले और हल्के मोबाइल सिस्टम के लिए इंटेल कोर 7 प्रोसेसर 150यू के नेतृत्व में अपना नया इंटेल कोर मोबाइल प्रोसेसर सीरीज 1 फैमिली पेश किया।

एयरटेल बिजनेस ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के लिए 20 मिलियन स्मार्ट मीटरों को संचालित करने का करार किया

गुरुग्राम। भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल की बी2बी इकाई, एयरटेल बिजनेस ने आज घोषणा की कि यह अदाणी एनर्जी सॉलूशंस लिमिटेड (एईएसएल) के लिए 20 मिलियन से अधिक स्मार्ट मीटर्स को सशक्त करेगी।

एयरटेल अपने राष्ट्रव्यापी मजबूत संचार नेटवर्क के माध्यम से एईएसएल के लगाए गए स्मार्ट मीटर्स के लिए भरोसेमंद और सुरक्षित कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इसके अलावा, एनबी-आईओटी, 4जी और 2जी द्वारा संचालित बदलाव लाने वाले स्मार्ट मीटरिंग समाधानों से एईएसएल को स्मार्ट मीटर्स और हेडएंड ऐप्लिकेशंस के बीच रियल-टाइम कनेक्टिविटी और महत्वपूर्ण डेटा का आसानी से स्थानांतरण सुनिश्चित होगा। यह समाधान एयरटेल के आईओटी प्लैटफॉर्म - 'एयरटेल आईओटी हब' से पावर्ड होंगे। यह प्लैटफॉर्म आधुनिक विश्लेषणों और नैदानिक क्षमताओं के द्वारा स्मार्ट मीटर की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा यह वास?तविक समय में जानकारी और सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे ग्राहकों को अपने ऊर्जा खपत पर बेहतर नियंत्रण रखने में आसानी होगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग.

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पंचायत सलधा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप साहू पिता श्री आजूराम साहू निवासी ग्राम सलधा उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि कास्तकारी ग्राम सलधा प.ह.नं. 29 स्थित भूमि ख0नं0 304/3, 437, 975/2 रकबा 0.37, 0.02, 0.79 हे0 राजस्व अभिलेख में आवेदकगण रामभुवन, अर्जुन, प्रदीप, लक्ष्मी, परमिला पिता श्री आजूराम साहू के नाम संयुक्त रूप में दर्ज है। जिसका पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के घर में ठीक से रख रखाव न होने के कारण कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कही बंधक, गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से पाक साफतथा पूर्णतः भार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंकों का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सूचना की कापी एवं शपथपत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में रा.प्र.क. 202307231200009/ब-121 विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 16/01/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाशक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मुहर

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ0ग0)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार राहुल वर्मा ग्राम औरासी
रा.नि.मं देवसुन्द्रा तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल वर्मा पिता सतीश वर्मा जाति कुर्मी ग्राम औरासी प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार - भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13 (3) के तहत अपने दादी विमला वर्मा पति धजीराम वर्मा का मृत्यु दिनांक 24/10/1982 को ग्राम औरासी तहसील पलारी मे हुआ था जिसका पंजीयन भुल वश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय मे विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे अपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 17/01/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 29/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. — पक्षकार का नाम डाकेश्वर प्रसाद — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401104300033

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक डाकेश्वर प्रसाद आ. मंगलसिंह निवासी ग्राम सुपेला तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम चरोदा प.ह.न. 09 तह. भिलाई3जिला दुर्ग	375/11	0.005 हें 559 वर्गमी.	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. — पक्षकार का नाम अशोक पटेल — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401104300043

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अशोक पटेल आ. पंचराम निवासी ग्राम बजरंग चौक उमदा तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमदा प.ह.न. 04 तह. भिलाई3जिला दुर्ग	552/4 552/5	0.010 हें 0.010 हे. कु. 0.020	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप राठी अन्य-3 पिता मनमोहनदास राठी निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 77/14 रकबा 0.1771 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आपसी बटवारा के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राखीदास गुप्ता पति बज्रदीपन दास गुप्ता निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 466/42 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार श्रीमती चंदनदास गुप्ता एवं समीरदास गुप्ता की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202312101000116/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- सधुनी चौहान, अनावेदक पक्षकार - मेसर्स वेदप्रकाश चोपड़ा एंड कंपनी भागीदार आलोक कुमार लुनिया

ईश्तहार

आवेदक सधुनी चौहान पिता/पति/विभाग बालचंद चौहान पता सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1420/1 रकबा 1475 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 15.10.1998 को विक्रेता मेसर्स वेदप्रकाश चोपड़ा एंड कंपनी भागीदार आलोक कुमार लुनिया पिता/पति/विभाग स्व. जे.के. लुनिया पता भिलाईनगर से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400107/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीनिवास राव आ./पति स्व. ई. अप्पला स्वामी निवासी सेक्टर-7 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 761/46 रकबा 0.010 हें/ 1440 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400106/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका आशुतोष अग्रवाल आ./पति स्व. कौशल कुमार अग्रवाल निवासी पद्मनाभपुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 725/6, 725/7 रकबा 0.020 हें/ 4000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400105/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अशोक कुमार दीक्षित अन्य-1 आ./पति रामदास दीक्षित निवासी रुआबांधा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 824/9 रकबा 0.0082 हें/ 885.93वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400100/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रकाश सांखला आ./पति स्व. प्रेमराज सांखला निवासी वार्ड 38 मिलपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2036/1 रकबा 0.0600 हें/ 6447 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400102/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रविकांत शर्मा आ./पति स्व. कैलाश शर्मा निवासी वार्ड हटरीबाजार दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1905/82 रकबा 0.0539 हें/ 5805 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

ट्रांसप्लांट तकनीक बचा रही हरियाली, काटने की जगह शिफ्ट किए जा रहे पेड़

महासमुंद/नवप्रदेश। नई तकनीक ने अब असंभव को भी संभव कर दिया है। नई-नई तकनीकों के जरिए आप बड़े-बड़े मकानों को एक जगह से दूसरी जगह पर शिफ्ट करते देखा या सुना होगा, पर आज हम आपको बड़े-बड़े वृक्षों को एक जगह से उखाड़ कर दूसरी जगह पर शिफ्ट कर पेड़ों को बचाने की मुहिम के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, महासमुंद जिले में पहली बार नई तकनीक के जरिए बड़े पेड़ों को ट्रांसप्लांट कर बचाने की मुहिम शुरू हुई है। यहां एनएच 353 में बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग पर नए बनने वाले ओवर ब्रिज के लिए लगभग 125 बड़े पेड़ कार्य में बाधा बन रहे थे। ऐसे में इन्हें काटने की बजाय दूसरी जगह अब ट्रांसप्लांट तकनीक से अन्य स्थान पर सुरक्षित स्थानांतरित किया जा रहा है।

अब तक 24 पेड़ों को किया शिफ्ट

वन विभाग द्वारा अब तक करीब 24 पेड़ को शिफ्ट किया जा चुका है। बड़े पेड़ों को बचाने के लिए वन विभाग ने योजना बनाकर पहले 24 औषधीय वृक्षों को चिन्हांकित किया और ट्रांसप्लांट करने की शुरूआत की। विभाग को लगभग 125 पेड़ शिफ्ट करना है। जानकारी के मुताबिक, 24 पेड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट करने में महज 4 घंटे का समय लगा।

इस तरह दूसरी जगह शिफ्ट किए जा रहे पेड़

वन विभाग ने पहले वृक्ष के डालों की छटाई करके एक्सकेवेटर से पेड़ के चारों ओर खुदाई कर पेड़ को क्रेन से उठाकर ट्रांसप्लांट करने वाले स्थान पर पहुंचाया। फिर वन विभाग के ही पौधारोपण प्लांट में पहले से तैयार गड्ढे तक पेड़ को लाने के बाद विभिन्न दवाईयों का जड़ों में और गड्ढे में छिड़काव किया गया। फिर क्रेन से ही पेड़ को गड्ढे में उतार कर मिट्टी से भर दिया गया। पेड़ को खड़ा करने के बाद हल्दी का लेप भी पेड़ पर लगाया गया।

खुशबूदार चावल के बाद अब दाल और आटा भी भेजा गया अयोध्या

रायपुर/नवप्रदेश। 22 दिसंबर को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले देशभर से खास तोहफे अयोध्या भेजे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से राम के ननिहाल से ऐसा ही प्रेम भेजा गया है। ट्रक में भरकर कुछ खास चीजें अयोध्या रवाना की गई। मंगलवार को रायपुर के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और कुछ समाजसेवी परिवारों ने मिलकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए भोग प्रसादी भेजी। इनमें हजारों किलो का राशन, पूजा की सामग्री, संतों के लिए चीजें कंटेनर में भरकर भेजी गई हैं। रायपुर के दानी और तोष्णीवार परिवार ने सबसे पहले ट्रक की पूजा की। इसमें भगवान राम की तस्वीर लगाई गई। आरती के बाद भागवा ध्वज दिखाकर, जय-जय श्री राम के नारों के साथ ट्रक को रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को राजधानी रायपुर से कंटेनर में 11 हजार किलो आटा, चना दाल - 3000 किलो, खाने का तेल - 2100 लीटर, हल्दी 111 किलो, नमक 111 किलो, लाल मिर्च 51 किलो, जीरा 51 किलो, धनिया 51 किलो, 1100 नारियल भेज गए हैं।

इसके पहले भेजे गए थे चावल

इसके पहले भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से अयोध्या चावल भेजे गए थे। राइसमिल एसोसिएशन द्वारा हजारों क्विंटल चावल सप्रेम भेंट किया गया है। जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर चावल से भरे 11 ट्रकों को रवाना किया था। इस चावल से अयोध्या में रामलला के भक्तों के लिए प्रसाद बनाया जाएगा।

22 जनवरी को रायपुर में यह होगा खास

रायपुर के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और पूजन का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। इस दिन मंदिर की सजावट के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा । साथ ही संध्या बाद मंदिर प्रांगण में दीपक जालाए जाएंगे। 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गुढ़ियारी कोटा स्थित विवेकानंद विद्यापीठ के सामने 11 लाख दिए जलाए जाएंगे। इसके साथ ही लेजर शो और भव्य आतिशबाजी की जाएगी। वहीं 23 से 27 जनवरी को धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार लगेगा। यह आयोजन एक्स आर्मी फाउंडेशन और स्व पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से किया गया है।

सीएम ने सूरजपुर के जमदेई क्षेत्रवासियों को 27.72 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

सूरजपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को अखिल भारतीय बिंझिया समाज के महासम्मेलन के अवसर पर सूरजपुर के जिलेवासियों को 27 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत के 30 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इन कार्यो पर लोकार्पण किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री द्वारा जिन कार्यों का लोकार्पण किया गया, उनमें लोक निर्माण विभाग अंतर्गत विकासखण्ड प्रतापपुर के ग्राम सरहरी से ग्राम सिंघरा के मध्य बाकी नदी में 4 करोड़ 81 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित पुल, विकासखण्ड़ रामानुजनगर में लोहरदगा नाला पर 4 करोड़ 54 लाख रूपए की लागत से निर्मित पुल, विकासखण्ड़ भैयाथान के कसकेला केवटाली मार्ग पर गोबरी नाला पर 4 करोड़ 61 लाख रूपए की लागत से निर्मित पुल शामिल है। उन्होंने इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विकासखण्ड़ रामानुजनगर के पटना बरगैयापारा से मोहनपुर पटेलपारा सड़क का 70.15 लाख रूपए की लागत से नवीनीकरण कार्य, विकासखण्ड प्रेमनगर के नमनाकला गौटियापारा से टाकरपारा सड़क का 78.39 लाख की लागत से नवीनीकरण कार्य तथा बिलासपुर धनवार रोड से जनार्धपुर खासपारा सड़क का 36.84 लाख रूपए से नवीनीकरण कार्य, उमेश्वरपुर से पार्वतीपुर खासपारा सड़क का 65.84 लाख की लागत से नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसी प्रकार विकासखण्ड़ भैयाथान के भटगांव दतिमा मोड़ से राई पिपरपारा सड़क का 41.62 लाख रूपए की लागत से नवीनीकरण कार्य, बतरा नवापारा से बरौल खास सड़क का 51.27 लाख रूपए की लागत से नवीनीकरण कार्य, बरौल से जूनाधरतीपारा सड़क का 47.67 लाख रूपए की लागत से नवीनीकरण कार्य सहित कुल 3 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत के 07 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

मेटाडोर ने स्कूल बस को मारी टक्कर बस चालक सहित कई बच्चे घायल

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी में मंगलवार सुबह एक स्कूल बस और आयशर मेटाडोर के बीच में टक्कर हो गई। इस हादसे में बस चालक समेत कई स्कूली बच्चे घायल हो गए। जिन्हें तत्काल 108 एंबुलेस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। बस और मेटाडोर के बीच टक्कर की घटना कोतवाली क्षेत्र के दानीटोला चौक के पास नगरी सिहावा रोड की है। जहां विद्याकुंज स्कूल की बस बच्चों को लेते हुए दानीटोला चौक की तरफ जा रही थी। उसी दौरान सामने से आ रही आयशर मेटाडोर ने स्कूल बस को टक्कर मार दी।

45वें अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज टूर्नामेंट का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की मेजबानी में 45वीं अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज टूर्नामेंट का आगाज किया गया। इसमें पहले दिन स्वीस लीग (डुप्लीकेट) मैच खेले गए। इस टूर्नामेंट में पांच राज्यों के खिलाड़ियों के बीच जीत-हार का मुकाबला होगा। कल 10 जनवरी को प्रोग्रेसिव और पेयर मास्टर के व्यक्तिगत मुकाबले होंगे। 45वीं अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज टूर्नामेंट का उद्घाटन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशकगण मनोज खरे एवं एसके कटियार ने किया। उन्होंने ताश के पत्ते फेंटकर खेल की शुरुआत की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इस खेल में ताश के पत्तों से टीमें अपनी नंबर बनाते हैं। त्वरित बुद्धि कौशल और तालमेल के इस खेल में टीम भावना का अधिक महत्व रहता है। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक व चीफ टूर्नामेंट डायरेक्टर विनय कुमार चतुर्वेदी, कार्यपालक निदेशक वित्त तथा केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में श्री खरे ने देशभर से आए विद्युत कंपनियों के प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं और खेल भावना के साथ समन्वय बढ़ाने की बात कही। प्रबंध निदेशक श्री कटियार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्युत कर्मियों में टीम भावना को बढ़ाना है। विद्युत कंपनियों के कर्मी इस आयोजन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसमें एपी ईलक्ट्रिसिटी आंध्रप्रदेश, सीएसपीसी छत्तीसगढ़, सीईएससी लिमिटेड पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, ट्रांसको तेलंगाना राज्यों के बीच मुकाबला हो रहा है। स्पर्धा का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह 11 जनवरी को शाम 4 बजे होगा।

विष्णुदेव साय कैबिनेट की चौथी बैठक आज

- सप्ताह के हर बुधवार को होगी कैबिनेट बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठक आज 10 जनवरी को बुलाई गई है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद साय कैबिनेट की यह चौथी बैठक होगी। मंत्रालय में शाम 5 बजे होने वाली इस बैठक में मोदी की गारंटी लेकर कई अहम फैसले हो सकते हैं। सरकार की ओर से सभी मंत्रियों को रायपुर पहुंचने के लिए कहा गया है। वहीं मंत्रालय में सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही नई सरकार ने अब हर सप्ताह बैठक करने का निर्णय लिया है। यह बैठक प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को होगी। वहीं कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि सरकार ने तय किया कि हर बुधवार कैबिनेट बैठक होगी। छत्तीसगढ़ के हित में जनता के मुद्दों पर अहम फैसले लिए जाएंगे।

पिछली बैठक में हुए ये फैसले

- सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीबों को आवास देने का फैसला लिया गया।
- 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया गया।
- छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी।
- खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी (लिंकिंग सहित) करने का निर्णय लिया गया है।
- राज्य के अंत्योदय और प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को अगले 5 साल तक निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इससे 67 लाख 92 हजार 153 परिवार लाभान्वित होंगे।

सरकारी सहयोग के अभाव में अन्नपूर्णा दालभात सेंटर ने तोड़ा दम

- कांग्रेस ने नहीं दी मदद, अब संचालकों को डबल इंजन की सरकार से उम्मीदें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अन्नपूर्णा दालभात सेंटर वालों ने डबल इंजिन सरकार से संघ ने मदद की गुहार लगाई है। संचालक संघ का कहना है कि योजना को कांग्रेस शासनकाल में मदद नहीं मिली और अब संचालकों को बीजेपी शासन से उम्मीद है। वर्तमान में रायपुर रेलवे स्टेशन और जेल परिसर में जनसहयोग से सरकारी योजना को चलाना पड़ रहा है। देशभर में यह योजना खासी सराही गई थी। इसके तहत सस्ते में ताजा और गरमा गरम भोजन जरूरतमंदों को परोसा जाता था। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में इस योजना के तहत दालभात सेंटरों को सस्ते में राशन भी उपलब्ध करवाया जाता था। रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई अन्य जिलों में अब बिना सरकारी मदद के दालभात संचालक जनसहयोग से इसे चला रहे हैं। दालभात सेंटर संचालक संघ के अध्यक्ष मोहन चोपड़ा और सचिव अशोक यदु ने नवप्रदेश को बताया कि कांग्रेस शासनकाल में दालभात संचालक संघ को महज दलगत राजनीति के चलते आभाव ग्रस्त बना दिया गया है। अब सत्ता परिवर्तन के बाद बीजेपी शासन आने से संघ की उम्मीदें जगी हैं। ताकि भूखों, गरीबों और निराश्रितों समेत कई जरूरतमंदों के लिए भोजन प्राप्ति की यह संवेदनशील योजना चलती रहेंगी।

5 रूपए की थाली की कीमत हुई ज्यादा

छत्तीसगढ़ दालभात संचालक संघ के सचिव अशोक यदु ने अपनी व्यथा जाहिर करते हुए बोले, योजना की शुरुआत में दाल, चांवल और कई तरह की मदद मिलती थी। इसलिए थाली की कीमत भी महज 5 रूपये थी, लेकिन सरकारी राशन और अन्य जरूरतों की पूर्ति रुकने से हम लोगों के सहयोग से जैसे-तैसे इसे संचालित कर रहे हैं। बाजार भाव से राशन खरीदने और ईंधन आदि का व्यय बढ़ने से मजबूरन ज्यादा पैसा लेना पद रहा है।

डबल इंजन सरकार से संघ ने लगाई गुहार

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना दाल भात केंद्र अप्रैल से राज्यभर में बंद होने जा रहा है। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार अब राज्य सरकार को दाल भात केंद्र के लिए सस्ता चावल देना बंद कर दी। ऐसे में केंद्र और राज्य में डबल इंजिन की सरकार है। इसलिए दालभात संचालक संघ ने पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम विष्णुदेव साय से पुनः इस लोकहितकारी योजना को शुरू करने की अपील किया है।

केंद्र ने कोटा रोका तो राज्य ने भी मुंह मोड़ा

रायपुर में 11 और प्रदेश भर में 128 दाल भात केंद्र संचालित थे। जो 2004 में अन्नपूर्णा दाल भात योजना के तहत शुरू की गई थी। अभाव और मदद नहीं मिलने से ज्यादातर बंद हैं। जिसके अंतर्गत गरीबों को 5 रुपए में दाल-भात मिलता था। 1 अप्रैल 2022 से यह केंद्र और राज्य सरकार के इंकार के बाद पूरी तरीके से मदद विहीन हो गया। ज्ञात हो कि केंद्र की इस योजना से राज्य भर में हर दिन15 हजार से ज्यादा लोग इसका लाभ लेते थे। जिसमें खाने का रेट 10 रुपए कर दिया गया था।

सीएम बने बच्चे, रेडी टू ईट से बने केक काटा और बच्चों को खिलाया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को सूरजपुर जिले के जमदेई ग्राम में पहुंचे थे जहां उनकी नजर महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल पर पड़ी। यहां पर कुछ बच्चे हाथों में केक लिए खड़े थे। मुख्यमंत्री ने पूछा किसका जन्मदिन है , तो बच्चों ने जो जवाब दिया उससे मुख्यमंत्री इतने प्रभावित हुए की उन्होंने खुद ही बच्चों के लिए अपने हाथों से केक काटा और उन्हें खिलाया भी। दरअसल सूरजपुर जिले के तीन बच्चे आकाश, रिहान और रिशांक की गिनती कुपोषित बच्चों में थी और उनकी हालत बेहद खराब थी। ऐसे में महिला बाल विकास द्वारा संचालित योजना का लाभ देते हुए इन बच्चों को सुपोषित आहार देना शुरू किया गया। आंगनबाड़ी से बच्चों को रेडी टू ईट और गर्म पोषण युक्त भोजन मिला जिससे ये तीनों कुपोषण को मात दे सके और खुद को एक नया जीवन देते हुए सुपोषित हुए। तीनों ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें शासन की योजनाओं से नया जीवन मिला है और इसके लिए वो रेडी टू ईट का बना केक लेकर आए हैं।

सीएम साय से मिले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंगलवार शाम यहां राज्य अतिथि गृह 'पहुना' में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने श्री मुंडा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मौजूद उपमुख्यमंत्री अरूण साव को भी केन्द्रीय मंत्री श्री मुंडा ने नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर रहेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री साव ने श्री मुंडा के प्रति आभार व्यक्त किया।

महाराष्ट्र मंडल में तबला वादकों की आज सजेगी महफिल

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की कला व संस्कृति समिति की ओर से 10 जनवरी को शाम 7:30 बजे विशेष संगीत सभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल सभागार में होगा। कार्यक्रम की खासियत तबला वादन है। इसमें देश के तीन प्रतिभाशाली कलाकार अपना वादन पेश करेंगे। आयोजन समिति के राजेश गनोदवाले ने बताया कि शास्त्रीय संगीत के प्रेमियों को ध्यान में रखते हुए एकल तबला वादन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुंबई से आ रहे पंडित कल्याण राव देशपांडे, पंडित सुधाकर पैठणकर और नितिन डिग्वेकर तबला वादन करेंगे।

भारी छूट भारी छूट भारी छूट

राजपाल फर्नीचर मॉल

फायनेंस सुविधा उपलब्ध

एक बार पधारकर क्वालिटी रेट अवश्य देखें

मार्केट से 20% कम रेट पर

पलंग, अलमारी ड्रेसिंग, आफिस टेबल, डाइनिंग टेबल, कम्प्यूटर टेबल, चेयर सभी का स्पेशल लाजवाब विशाल रेंज उपलब्ध एवं क्रॉम्पटन पंखा, एसी (AC) फ्रीज, वाशिंग मशीन आदि उपलब्ध

पताः- दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के सामने मेन रोड यदुनंदननगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)

मो. 9300612345, 9300671120

अनमोल हेल्थ केयर

(इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केन्द्र)

जटिल एवं असाध्य रोगों (पुरानी बिमारियों) का वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार

कैंसर, थाइराइड, मनोरोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मिर्गी, अस्थमा, रक्त की कमी, रक्त विकार, गुर्दे रोग, त्वचा रोग, बांझपन, नशामुक्ति, टी.वी. कुष्ठरोग,हार्मोन्स समस्या जिगर/लिवर रोग, हृदय रोग, किडनी रोग, लकवा रोग, स्त्री रोग (PCOD/PCOS), पैरों/नसों/ कमर/जोड़ो में दर्द की समस्या, सफेद दाग, वजन कम करना / बढ़ाना, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू आदि।

मिलने के लिए अग्रिम पंजीयन करा कर आवें - 9098472777

पता : संतोषी नगर, माटागांव, रिंग रोड नं. 1 रायपुर (छ.ग.) मो. 9098472777